तापमान
अधिकतम 39.2 डिग्री
न्यूनतम 24.3 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 31 मार्च 2024

12 योग-युवा और आत्मनिर्भर भारत पर व्याख्यान

13 लोगों के जीवन में भक्ति होना जरूरी: डॉ. तिवारी

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]









**मूल्यांकन : इस बार समय से पांच दिन पहले पूरी हो जाएगी कापियों की जांच**

# बोर्ड की 82 हजार कापियों का मूल्यांकन पूरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

लोकसभा चुनाव की वजह से इस बार दसवी-बारहवीं सीजी बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन समय से पहले ही पूरा करने के निर्देश है। बोर्ड से दोनों कक्षाओं की 82 हजार 164 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है। इसमें आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मूल्यांकन केंद्र में 48943 और जेआरडी बहुउद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक शाला मूल्यांकन केंद्र में 33221 उत्तरपुस्तिकाएं जांच ली गई है।



### मूल्यांकन के लिए आई दोनों केंद्रों में 1.8 लाख उत्तरपुस्तिकाएं

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल यानी बोर्ड ने दुर्ग जिले में दो मूल्यांकन केंद्र बनाए हैं। इनमें आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मूल्यांकन केंद्र में 59 हजार 433 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए आई है। इसी तरह जेआरडी बहुउद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक मूल्यांकन केंद्र में बोर्ड ने जांच के लिए दसवी की 31014 और बारहवीं की 17 हजार 929 यानी कुल 48 हजार 943 उत्तरपुस्तिकाएं जांच के लिए भेजी है। इस तरह दोनों मूल्यांकन केंद्र में 1 लाख 8 हजार 376 उत्तरपुस्तिकाएं जांच के लिए आई है।

### जांच के लिए केवल 36 हजार 750 कापियां बाकी

बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। जेआरडी उच्चतर माध्यमिक शाला मूल्यांकन केंद्र में 16 हजार 538 कापियों का मूल्यांकन होना शेष है। जिसमें दसवी की 11 हजार 952 और बारहवीं की 4 हजार 586 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना बाकी है। इसी तरह आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मूल्यांकन केंद्र में 20 हजार 212 उत्तरपुस्तिकाओं की जांच नहीं हो पाई है। जिसमें दसवी की 13 हजार 194 और बारहवीं की 7 हजार 18 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना शेष है। इस तरह दोनों मूल्यांकन केंद्र में केवल 36 हजार 750 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन ही शेष रह गया है।

### बोर्ड ने लगाए हैं 657 मूल्यांकनकर्ता

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दोनों मूल्यांकन केंद्र में 657 मूल्यांकनकर्ताओं को जांच के लिए लगाया है। आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला केंद्र में 350 और जेआरडी मूल्यांकन केंद्र में 307 मूल्यांकनकर्ता बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर रहे हैं। आदर्श मूल्यांकन केंद्र में दसवी की उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए 203 और बारहवीं की उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए 147 मूल्यांकनकर्ता हैं। जेआरडी मूल्यांकन केंद्र में दसवीं के लिए 197 और बारहवीं के लिए 110 अनुभवी शिक्षकों को मूल्यांकनकर्ता बनाया गया है।

### 10 अप्रैल तक पूरा करना है मूल्यांकन

बोर्ड के निर्देश के मुताबिक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 10 अप्रैल तक हर हाल में पूरा करना है। दुर्ग जिले में स्थिति यह है कि मूल्यांकन का कार्य 5 अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा। इस तरह समय से पहले ही यहां बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच करने के लिए जिला शिक्षा विभाग जुटा हुआ है।

### शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव में

लोकसभा चुनाव है और इसमें शिक्षकों की शत-प्रतिशत मतदान संपन्न करवाने में रहती है। इसलिए बोर्ड द्वारा इस बार नए जिलों को भी मूल्यांकन केंद्र बना दिया गया है। नए जिलों में मूल्यांकन केंद्र होने की वजह से दुर्ग जिले में उत्तरपुस्तिकाओं का भार इस बार कम हो गया है। बोर्ड ने उत्तरपुस्तिकाएं ही आधी भेजी है। यानी पिछले साल दुर्ग जिले के मूल्यांकन केंद्रों में 2 लाख से ज्यादा उत्तरपुस्तिकाएं आती थी जो इस बार 1 लाख करीब ही है। मूल्यांकनकर्ता भी इस हिसाब से कम हैं। उसके बाद भी कापियों को जांचने का कार्य तेजी से चल रहा है। मूल्यांकन का ब्यौरा बोर्ड द्वारा ऑनलाइन मंगवाई जा रही है। जिससे कापियों की स्थिति की मॉनिटरिंग हो रही है।

## स्टंट करने वाले बाइक चालक पर कार्रवाई

**भिलाई।** सेन्ट्रल एवेन्यू में स्टंट करते वाहन चालक के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने चालानी कार्रवाई की है। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि शुक्रवार को सेन्ट्रल एवेन्यू मार्ग और अन्य मार्गो में स्टंट करते हुए लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। वाहन नंबर के आधार पर वाहन चालक का पता कर चालक और उसके बाइक को ट्रैफिक मुख्यालय लाया गया। चालक को भविष्य में इस तरह की गलती नहीं करने समझाईशा दी गई। चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट कार्रवाई कर बिना लायसेंस वाहन चालन पर अर्थदण्ड किया ।




**खबर संक्षेप**

### भाजपा नेता के घर आईटी की दबिश

**दुर्ग।** इन्कम टैक्स विभाग द्वारा शनिवार को भाजपा नेता और बिल्डर और चतुर्भुज राठी के यहां शनिवार को छापामार कार्यवाही की है। आईटी की टीम ने पुलगांव रोड स्थित महेश कालोनी स्थित उसके ऑफिस में छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि, सुबह से शुरू की गई। इस कार्यवाही में दर्जनभर से अधिक आयकर विभाग के अफसर मौजूद है। खबर हैं कि देर शाम आयकर टीम के द्वारा जांच की जा रही है। इस दौरान उनके साथ छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान भी मौजूद रहे। जिस कार्यालय में आईटी के अधिकारियों ने दबिश दी है, वहां भाजपा नेता चतुर्भुज राठी की अमर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, एआईएल-डीआरए सहित तीन तरह के कार्यालय संचालित होने की जानकारी मिली है। सूत्रों की माने तो इन कंपनियों के जरिए आय चोरी का मामला सामने आने पर ही वे छापा मारने पहुंची है। यहां बडी संख्या में आईटी के अफसर और पुलिस जवाब बाहर तैनात रहे। इसके आलावा भिलाई में छापामार कार्यवाही किए जाने की जानकारी मिली है। पिछले कई महीनों से दुर्ग-भिलाई के रसूखदारों द्वारा आयकर चोरी की शिकायत आईटी को मिली थी जिस पर अब कार्रवाई शुरु की गई है। इस कार्रवाई से हड़कंप की स्थिति है।

# प्राणघातक हमलाः पुलिस ने आरोपियों का निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

युवक पर हमला करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनका जुलुस भी निकाला गया। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि श्रीराम जानकी मंदिर के पास राजीव नगर खुर्सीपार निवासी सुजीत चौधरी का आरोपियों के साथ मामूली विवाद हुआ था। उसके बाद पीड़ित को सिविक सेंटर किसी काम से गया हुआ था।मौका मिलते ही तीनों युवकों ने कटर से पीड़ित पर हमला कर मौके से फरार हो गए। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी रही। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने आरोपियों को पकड़ने कडे निर्देश दिए थे। उसके बाद टीम बनाई गई और आरोपियों की खोजबीन शुरु किया गया। प्राणघातक हमला करने वालों को खोजने सिविल टीम को भी शामिल किया गया। इसके लिए सीएसपी भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी लगातार मानीटरिंग कर रहे थे। आसपास के सीसीटीवी फुटेज और आरोपी के हुलिया के आधार पर टीम पतासाजी में टीम जुटी रही। इस दौरान सिविक सेंटर में युवक पर हमला करने वाला आरोपी छावनी थाना क्षेत्र का गुंडा बदमाश सोनु उर्फ मोटा सिन्हा , समीर उर्फ गिल्लू और उसका दोस्त इसमें शामिल होने की जानकारी मिली। पुलिस ने तुरंत खोजबीन कर पावर हाउस निवासी सोनु उर्फ मोटा



सिन्हा, पावर हाऊस उत्तम टाकिज के पीछे भिलाई समीर उर्फ गिल्लू जायसवाल, श्रमिक नगर पावर हाउस संजय उर्फ संजु खान को छावनी थाना क्षेत्र से दबिश देकर पकड़ा गया।

### खौफ के लिए निकाला जुलुस

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस जिले में शातिपूर्ण और सुरक्षित मतदान के लिए लगातार अपराधियों पर शिकंजा कसती जा रही है। इसी के मद्देनजर पुलिस ने प्राणघातक हमला करने वाले आरोपियों का जुलुस निकालकर अपराधियों पर शिकंजा कसने का बड़ा प्रयास किया है। जुलुस निकलने के बाद क्षेत्र करे अपराधियों में पुलिस का खौफ बरकरार है। इस दौरान पुलिस ने तीनों आरोपियों को सिविक सेंटर घटनास्थल भी लेकर आई और क्राइम सीन रिक्रिएट भी करवाया है।

### डर से भागे राजनांदगांव

घटना का मुख्य आरोपी सोनु उर्फ मोटा सिन्हा अपने साथी संजु खान के साथ पुलिस का भनक लगते ही बाइक से से राजनांदगांव की ओर फरार हो गए थे। इस कार्रवाई में भिलाई नगर टीआई राज कुमार लहरे आदि का योगदान रहा है।




**द्रोणिका की अनियमित गति की वजह से फिर बदला मौसम**

# बदली व उमस के बीच होगी हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पिछले दस दिनों से लगातार गर्मी बढ़ रही है। सूर्यदेव की तपिश से लोगों ने गर्मी से राहत पाने के जतन करने शुरू कर दिए थे।

शनिवार को अचानक मौसम ने फिर तेवर बदले। सुबह आसमान पर बदली छाई रही। दोपहर और शाम को भी यही स्थिति देखने मिली। जिसकी वजह से लोगों को उमसभरी गर्मी झेलनी पड़ रही है। लोगों को न दिन में चैन है और न ही रात में। पंखे, कूलर और एसी चलने के बाद भी लोगों को परेशानी महसूस होने लगी है।



### कूलर, पंखे के बाद भी उमसभरी बैचेनी

लोगों ने गर्मी को देखते हुए कूलर, एसी और पंखे लगातार चला रहे हैं। अचानक मौसम बदलने की वजह से वातावरण में ही आर्द्रता बढ़ गई है। जिसकी वजह से लोगों ने पूरे दिन चिपचिपाहट महसूस की। उमस की स्थिति होने से लोगों की बैचेनी बढ़ा दी। यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में लोगों के सेहत पर विपरीत प्रभाव दिखाई देगा।

### आज हो सकती है हल्की बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग भिलाई सहित पूरे प्रदेश में 31 मार्च को एक- दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। जिसकी वजह से प्रदेश में अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट की संभावना है । आगामी एक दो दिनों में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है ।

### इसलिए बदला है मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका या हवा की अनियमित गति अंदरुनी तमिलनाडु से उत्तर छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से आसमान में बदली छाने लगी है। धूप-छांव का खेल पूरे दिन चला है। हवा की कमी हो गई है।

### तापमान में बढ़ोतरी

मौसम विभाग के मुताबिक ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान शनिवार को 39.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक था। इसी तरह न्यूनतम तापमान में भी तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पिछले सप्ताह भर से गर्मी बढ़ने की वजह से अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी रोजाना हो रही थी।

# ये आम नहीं बल्कि खास चुनाव, संविधान बदलने चार सौ का दे रहे नारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लोकसभा चुनाव के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा, उन्होने कांग्रेस द्वारा शुरू की गई कई योजनाओं को भाजपा द्वारा बंद किए जाने का आरोप लगाया। वही उन्होने कहा कि, यह लोकसभा आम नही बल्कि खास चुनाव है। भाजपा इसलिए चार सौ पार का नारा दे रही है, ताकि भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान को बदल सके।

कांग्रेस ने राजीव भवन को केन्द्रीय चुनाव कार्यालय बनाया है। जिसका छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को उद्घाटन किया। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मतदाताओं के पास स्थानीय, प्रादेशिक व राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर मजबूती के साथ जाना है। इस चुनाव में भाजपा ने 400 पार का नारा दिया है, ताकि वे महापुरुष डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान में परिवर्तन कर सके। भाजपा के खिलाफ बोलने की आजादी छीन ली गई है। जिसने भी खिलाफत की उस पर ईडी, आईटी व अन्य एजेंसियों ने शिकंजा कसा है। जिससे लोकतंत्र व संविधान खतरे में आ गया है। यह लोकसभा चुनाव देश की जनता की लड़ाई है। लोकतंत्र को सुरक्षित रखने के लिए यह लड़ाई हमें मिलकर लड़नी है। इस दौरान पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, रुद्रकुमार, बिलासपुर प्रत्याशी देवेन्द्र यादव, वरिष्ठ नेता प्रदीप चौबे, पूर्व विधायक अरुण वोरा, बीडी कुरैशी, प्रतिमा चंद्राकर, आरएन वर्मा, निर्मल कोसरे, गया पटेल, मुकेश चंद्राकर, अलताफ अध्यक्ष, अजय मिश्रा, राजेश यादव के अलावा 9 विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जुटे।

## राज्य की भाजपा सरकार ने कांग्रेस की योजनाओं को बंद की साय साय- भूपेश बघेल

### चार माह बाद भी धरातल में नही उतरी गारंटी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़े-बड़े वादे किए थे। लेकिन 4 माह के कार्यकाल के बाद भी मोदी की गारंटी को राज्य की भाजपा सरकार धरातल पर नहीं उतार पाई है। किसानों को वर्ष 17-18 के धान खरीदी का बकाया बोनस दिया जाएगा, लेकिन वर्ष 14, 15 और 16 के आधार पर बोनस दे दिया गया है, जबकि इस साल अकाल की स्थिति थी। यह बोनस की राशि भी सभी किसानों के बैंक खातों में नहीं पहुंची है।



### मुझे ईव्हीएम पर भरोसा नहीं

पूर्व मुख्यमंत्री ने मीडिया के सवाल पर कहा कि, उन्हें ईव्हीएम पर भरोसा नही है। इसलिए ही उन्होने आयोग के नियम के अनुसार राजनांदगांव में 384 प्रत्याशी को फार्म भरने कहा था। उन्होने कहा मोदी गारंटी को पूरा करने भाजपा ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है, लेकिन राज्य की पूर्व कांग्रेस सरकार की योजनाओं को जरुर साय साय बंद कर दिया गया है। गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट, राजीव युवा मितान क्लब, बेरोजगारी भत्ता, 18 लाख आवास आबंटन एवं अन्य योजनाएं बंद कर दिए गए है। 35 किलो मिलने वाला खाद्यान्न अब 5 किलो मिलेगा।

### कोल घोटाले में चिंतामणि के भी नाम

भूपेश बघेल ने कहा कि, कोयला घोटाला में चिंतामणि महाराज के नाम थे, लेकिन भाजपा में प्रवेश करते ही वे मोदी के वाशिंग मशीन में धुलकर साफ हो गए है। खाद्यान्न मामले में राज्य की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। भाजपा का अब चंदा दो धंधा लो नारा बन गया है। पूर्व मुख्यमंत्री कहा कि, राजेन्द्र साहू कांग्रेस के एक सामान्य कार्यकर्ता है। उन्हें पूरे बहुमत से जिताए। कांग्रेस नारी न्याय योजना के तहत गरीब महिलाओं को साल में 1 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि देगी। इसके अलावा घोषणा पत्र के अन्य योजनाओं को मतदाताओं के घर-घर तक पहुंचाने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया।

## खबर संक्षेप



### इंटर्नशिप डॉक्टरों ने किया रक्तदान

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक इंटर्न डॉक्टरों द्वारा 12 यूनिट रक्तदान किया गया। ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता बनाए रखने के लिए विभिन्न समय में लोगों, संस्थाओं द्वारा रक्तदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में इंटर्न डाक्टर डॉ सुचीन उन्नी, डॉ आकाश पाटले, डॉ दीपक पटेल, डॉ शुभाकर चटर्जी, डॉ दिलराज भाटिया, डॉ राकेश, डॉ नीता नंद नेहर, डॉ अविशी, डॉ श्रुति देशलहरे, डॉ आदित्य साहू, डॉ टेकराम देवांगन और ब्लड बैंक रक्तदान कोष के अधिकारी डॉ नेहा नलवाया द्वारा भी जिला चिकित्सालय दुर्ग के ब्लड बैंक में 12 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ ए के साहू सहित जीवन दीप समिति के अध्यक्ष प्रशांत डोनगावरकर, सतीश सुराना ने इंटर्न डाक्टरों को साधुवाद दिया।

### कलाकारों का होली मिलन समारोह संपन्न

**दुर्ग।** दुर्ग-भिलाई कलाकार परिवार द्वारा गोंडवाना भवन दुर्ग में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अंचल के रंगमंच, फिल्मी व अन्य विधाओं के कलाकारों ने भाग लिया। इस आयोजन में छालीवुड के निर्देशक सतीश जैन, उत्तम तिवारी, मनोज वर्मा, मन कुरैशी, रजनीश झांझी, उपासना वैष्णव, नकुल महलवार, आनंद नरेरा, योगेश पांडेय, गोपाल शर्मा, महेश शर्मा, हरी सेन, राजेंद्र साहू, प्रहलाद रूंगटा, रमेश ठाकुर, बंटी मेश्राम, शिवा कुंभकार, शिवाकांत तिवारी, कुलेश्वर ताम्रकार, शक्तिपद चक्रवर्ती, जयराम भागवानी, पवन गुप्ता, जय कसेर, प्रकाश ताम्रकार, अर्जुन परमार, अनिरुद्ध ताम्रकार, ज्योत्सना ताम्रकार, जागेश्वरी मेश्राम, पूजा, कृष्णा, सुधा जांगडे के अलावा अन्य कलाकार शामिल थे।

## बाजार: तीस फीसदी छूट लेने मची होड़, आज ही मौका, कल से नया दर

# छूट बंद होने की खबर से एक ही दिन में 150 जमीन की रजिस्ट्रियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। कलेक्टर गाइड लाइन में तीस फीसदी छूट का फायदा आगामी नए वित्तिय वर्ष में बंद होने के ऐलान के बाद जिला पंजीयक कार्यालय में क्रेता और विक्रेताओं की भीड लग गई हैं। हालात यह है कि, एक ही दिन में पहली बार इस वित्तिय वर्ष में डेढ सौ से अधिक रजिस्ट्रियां दर्ज की गई है। वही रविवार को भी रजिस्ट्री किया जाएगा। शनिवार को देर रात जिला पंजीयक कार्यालय में पक्षकारो की भीड लगी रही।

उल्लेखनीय हैं कि, आगामी वित्तिय वर्ष यानि 2024-25 में कलेक्टर गाइड लाइन पूरा शत प्रतिशत के आधार पर लागू होगा। कांग्रेस सरकार द्वारा विगत पांच सालों से कलेक्टर गाइड लाइन में तीस प्रतिशत की छूट दी गई थी। लेकिन भाजपा की सरकार ने इस छूट को बंद किए जाने के संकेत दिए है। यही कारण हैं कि, छूट का लाभ लेने बडी संख्या में पक्षकारो ने शनिवार और रविवार को अप्वाइंटमेंट लिया है। अफसरों ने बताया कि, शनिवार को डेढ सौ से अधिक रजिस्ट्रियां की गई। शनिवार को दिनभर जिला पंजीयक कार्यालय में पक्षकारो की भीड लगी रही। लोग अपने बारी का इंतजार करते रहे।

**खास बातें**

- शनिवार को रिकार्डतोड रजिस्ट्री से लगी रही भीड
- स्टांप वेंडर से लेकर फोटो कापी सेंटरों में भी लगी कतार
- सुबह से देर रात रजिस्ट्री का चल रहा सिलसिला
- आज वित्तिय वर्ष का अंतिम दिन

### 1 अप्रैल से नया गाईड लाइन होगा लागू, इससे पहले उमड़ी भीड़



### दिसंबर के बाद पकड़ी रफ्तार

जिले में रियल स्टेट का कारोबार दिसंबर माह के बाद बढा है। दिसंबर की स्थिति में दुर्ग 61.94 फीसदी, पाटन 75.15 फीसदी और धमधा 54.01 फीसदी यानि तीनों ब्लाक का 62.92 फीसदी पर अटका था। जबकि जनवरी, फरवरी और मार्च में तेजी आने के बाद राजस्व आय नब्बे फीसदी तक जाने का अनुमान है। अमूमन देखा गया है कि, हर साल टारगेट से अधिक ही सरकार को आय प्राप्त होता है।

### दुर्ग में 85 फीसदी राजस्व की आय

जिला पंजीयक कार्यालय को इस वित्तिय वर्ष दुर्ग, पाटन और धमधा मिलाकर 360 करोड रूपए का टारगेट दिया गया था। अफसरों ने दुर्ग में ही 298 करोड का टारगेट था। इसमें तीस मार्च तक 255 करोड 43 लाख का आय प्राप्त हुआ है। यानि वित्तिय वर्ष के एक दिन पहले 85 फीसदी आय प्राप्त हुआ है। हांलाकि पाटन और धमधा की जानकारी नही आई है। अफसरों ने बताया कि, देर रात तक नब्बे फीसदी राजस्व मिलने का अनुमान है।

### ऐसे समझे तीस फीसदी छूट का गणित

जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए पहले कलेक्टर गाइड लाइन देखा जाता है। इसमें अलग-अलग इलाको का दर निर्धारित होता है। मान लिया जाए किसी जगह में कलेक्टर दर पांच लाख है। तो उसमें से तीस फीसदी छूट यानि डेढ लाख रूपए का छूट मिलेगा और पक्षकार को सिर्फ तीन लाख पचास हजार का स्टांप शुल्क अदा करना पडेगा। लेकिन अगर छूट बंद होता है तो पक्षकार को पूरे पांच लाख के हिसाब से स्टांप शुल्क देना पडेगा।

### आज भी होगी रजिस्ट्री

वित्तिय वर्ष के अंतिम दिन होने के चलते रविवार को भी रजिस्ट्री होगी। बहरहाल टारगेट के मुकाबले नब्बे फीसदी आय हो चुका है।

**-पुष्पलता धुर्वे,** जिला पंजीयक, दुर्ग

# चेक बाउंस मामले में जमानतदार को सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री जनार्दन खरे की कोर्ट ने आरोपी जमानतदार आताफ अहमद पिता जनौर अहमद खान निवासी फिटको टेलर, जवाहर मार्केट केम्प -02 भिलाई, थाना सुपेला तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग) को धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियन के तहत 10 माह की सजा एवं 1,55.000/- रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में परिवादी को प्रदान करने का फैसला सुनाया है। क्षतिपूर्ति की राशि अदा नहीं करने पर आरोपी (जमानतदार) को 3 माह अतिरिक्त रूप से कठोर कारावास के दण्ड का भागी होगा। परिवादी छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक शाखा सुपेला भिलाई की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद शफीक खान ने पैरवी की थी। ऋणी मनदीप सिंह रंधावा द्वारा छग राज्य ग्रामीण बैंक शाखा सुपेला भिलाई से वाहन ऋण पाप्त किया था। ऋणी से ऋण की वसूली नहीं होने पर उसके परिचित जमानतदार जस्ताक अहमद ने जमानतनामा, आवश्यक दस्तावेज आदि निष्पादित किये गये थे। बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि, हमारी शाखा छग राज्य ग्रामीण बैंक सुपेला से ननदीप सिंह रंधावा नो 9 मई 2012 को वाहन ऋमा 1,55,000/- रुपये प्राप्त किया था। मूल ऋणी के जमानतदार अल्ताफ अहन्द आरोपी ने सोना की बचत किश्त राशि के भुगतान स्वरुप परिवादी बैंक को 29 जुलाई 2017 से 1, 55,000/- रुपये का चेक क्रमांक 014983 आईडीबीआई बैंक शाखा स्टेशन रोड दुर्ग बैंक प्रबंधन दवारा जब उक्त चेक को ऋणों के खाते में जमा किया गया तो खाते में रकम न होने के कारण बैंक अनादरित हो गया।

- कोर्ट ने क्षतिपूर्ति राशि लौटाने के दिए निर्देश

### भोजन दान...

दुर्ग। विपाशा फाउंडेशन द्वारा विगत शुक्रवार को रेल्वे स्टेशन में जरूरतमंद को भोजन कराया गया। फाउंडेशन के संचालक अप्रतिम चौधरी ने बताया कि, पिछले 15 सालों से संस्था खाना खिला रही है। संस्था कंबल, चावल भी बांटती है।



# शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शालेय शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं दुर्ग जिला प्रमुख चंद्रशेखर तिवारी के नेतृत्व में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा से भेंट कर उनको दुर्ग जिले में पदस्थ होने की बधाई प्रेषित किया तथा दुर्ग जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि हेतु चर्चा की गई। शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिले में व्याप्त शिक्षकों की समस्याओं पर भी जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा की एवं सभी समस्याओं को हल करने हेतु अनुरोध किया। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने भविष्य में संगठन के साथ मिलकर सभी समस्याओं के त्वरित निदान के लिए समयबद्ध कार्य योजना बनाते हुए कार्य करने की बात कही। संगठन के पदाधिकारी तिलक सेन, योगेन्द्र वर्मा, जागृति द्विवेदी, विजय बेलचंदन, अशोक देशमुख, प्रताप सिंह धनकर, युवराज साहू, वेदराम जांगड़े, कृष्ण राज पाण्डेय, प्रभा सिंह, किरण गौर उपस्थित रहे।



# योग-युवा और आत्मनिर्भर भारत पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय, आर्य नगर, दुर्ग के सभागार में योग-युवा और आत्मनिर्भर भारत पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पतंजलि योग विशेषज्ञ पूज्य आचार्य स्वामी आदित्य देव जी प्राचार्य स्वामी दर्शनानंद जी गुरूकुल महाविद्यालय, हरिद्वार केन्द्रीय प्रभारी युवा भारत और स्वामी नरेन्द्र देव जी योग निष्ठ सन्यासी पतंजलि योगपीठ हरिद्वार, योग गुरू श्री श्याम चन्द्राकर एवं अन्य सहकर्मीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता के रूप में दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती आभारानी गुप्ता, महाविद्यालय की उपप्राचार्य नीतू सिंह, महाविद्यालयीन परिवार समस्त संकाय की विभागाध्यक्ष, सहायक प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्राएँ उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पौधा, मोमेण्टो, श्रीफल व शाल देकर किया गया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि जी स्वामी आदित्य देव जी द्वारा अपने व्याख्यान मैं बताया गया कि स्वस्थ व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए अपनी अहम भूमिका निभा सकता है इसलिए अपने शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए नित्य प्रतिदिन योग करना चाहिए।

रोग से बचने के लिए योग एक महत्वपूर्ण साधन है। विद्यार्थी जीवन के लिए उन्होंने 5 नियमों को ध्यान में रखकर पालन करने के लिए कहा। आचार्य नरेन्द्र देव द्वारा योग को वैज्ञानिक तरीकों से जोड़कर बताया गया तथा आचार्य आदित्य देव जी द्वारा छात्राओं एवं प्राध्यापकों से संकल्प कराया गया कि नित्य प्रातः उठकर योग करेंगे और अपना जीवन राष्ट्र और समाज के लिए योगदान करेंगे। योग एक प्राचीन भारतीय प्रणाली है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है। योग के माध्यम से युवा अपने शक्तिशाली और सकारात्मक सोच को साकार कर सकते है। योग का अभ्यास करते रहने से स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की शिक्षा मिलती है इसके साथ ही योग उन्हें आत्मनिर्भरता की भावना और कौशल प्रदान करता है, जो उन्हें समस्या का सामना करने और समाधान निकालने में मदद करता है। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. निशा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। दयानंद शिक्षा समिति की ओर से अतिथियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। आभार प्रदर्शन उप प्राचार्य एवं डॉ. तृप्ति खनंग के द्वारा किया गया।

- रोग से बचने योग एक महत्वपूर्ण साधन

# निगम कार्यालय में तोड़फोड़ करने वाले पार्षद के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** रिसाली निगम के पार्षद द्वारा कार्यालय में घूसकर तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पार्षद के खिलाफ पुलिस ने धारा 427, 429, 506 के तहत कार्रवाई किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि पांच रास्ता सुपेला निवासी अमरदीप कुमार साव ने शिकायत किया है कि वह रिसाली सेक्टर में आधार सेवा केंद्र चलाता है। शुक्रवार सुबह सुपेला में था, तभी नगर निगम रिसाली के कर्मचारी चंदा देवी, अभिषेक देवांगन समेत अन्य लोगों ने कॉल कर बताया कि उसके आधार सेंटर में स्थापित कम्प्युटर सिस्टम को वार्ड 16 बीआरपी कालोनी के पार्षद विनय नेताम तोड़फोड किया। निगम पहुंचकर पीड़ितने पार्षद विनय नेताम से तोड़फोड़ को लेकर पूछताछ किया। इस दौरान पार्षद गाली गलौज करने लगा।

उल्टा पार्षद विनय नेताम ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। तोड़फोड़ हुए सामानों की कीमत एक लाख रुपए आंकी गई है। जिसमें आधार कीट, प्रिंटर, मोनिटर, बायोमैट्रिक मशीन, स्कैनर मशीन सामान है।

## प्रदूषित पानी को शिवनाथ नदी में जाने से रोकने 147.93 करोड़ होंगे खर्च

# दो स्थानों पर होगा सिवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत शहर के विभिन्न छोटे बड़े नाले एवं नालियों से होकर पुलगांव नाला एवं शंकर नाला से होते हुए शिवनाथ नदी में मिलने वाले गंदा पानी को एनजीटी के दिशा निर्देश में नदी में मिलने से पूर्व पानी का उपचार कर पानी का पुनः उपयोग किया जाना है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनने से शहर के घरों से निकलने वाले गंदे पानी को जो नालियों के माध्यम से नाले में चला जाता है, फिर नाले से वही प्रदुषित पानी नदी में मिल जाता है जिससे जनस्वाथ्य पर बुरा असर होता है। नगर निगम दुर्ग द्वारा शिवनाथ नदी के मुहाने पर स्थित इंटेकवेल से लगकर शासकीय भूमि तथा उरला स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 94 की भूमि को चिन्हांकित कर सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हेतु भूमि मांग की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके लिए दावा आपत्ति का प्रकाशन भी किया गया है। भूमि आबंटन पश्चात इसका सीमांकन कराया जाएगा। डीपीआर अनुसार इस प्रस्ताव हेतु अमृत मिशन 2.0 योजनांतर्गत 147.93 करोड़ रुपये लागत राशि प्रस्तावित है। पुष्पवाटिका के समीप बनने वाली एसटीपी 24 एमएलडी और उरला में बनने वाली एसटीपी की क्षमता 47 एमएलडी की होगी। नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने भवन अधिकारी एवं सहायक अभियंता गिरीश दीवान, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व उपअभियंता मोहित मरकाम के साथ शिवनाथ नदी पुलगांव व उरला स्थित ख नं0 94 जमीन का मौका मुआयना किया।

- आयुक्त ने अधिकारियों के साथ देखी जमीन



### सोलर पैनल से होगी संचालित

सहायक अभियंता व भवन अधिकारी गिरीश दीवान ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा उरला स्थित प्रस्तावित सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को सोलर पैनल के माध्यम से संचालित किया जायेगा। जिससे विद्युत व्यय से मुक्ति मिलेगी तथा अतिरिक्त उत्पादन को ग्रिड के माध्यम से पुलगांव एसटीपी में समयोजित किया जाएगा। जिससे एसटीपी संचालन की विद्युत लागत लगभग नगण्य रहेगी।

### कृषि व औद्योगिक क्षेत्रों में किया जाएगा उपयोग

एसटीपी प्लांट के माध्यम से नालों के गंदे पानी को ट्रीटमेंट प्लान्ट में शुद्धिकरण पश्चात कृषि एवं उद्योगों में उपयोग किया जायेगा। चिन्हित स्थल पर निर्माण कार्य हेतु भूमि आबंटन पश्चात निर्माण संबंधी आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। निर्माण कार्य होने से नदी के पानी की शुद्धता एवं शहर को मिलने वाले पीने के पानी को और भी शुद्ध व गुणवत्ता को बनाये रखने में सुविधा होगी। साथ ही कृषि व औद्योगिक क्षेत्र में उपयोग किया जाएगा। जिससे निगम के आय में वृद्धि के साथ एनजीटी के नियमों का पालन करते हुए शहर के नालों से निकलने वाले गंदे पानी को प्राकृतिक जल स्त्रोत में मिलने से पहले उसका उपचार किया जाना संभव हो जायेगा।

# पटरीपार मंडल की बैठक में भाजपा की चुनावी रणनीति पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को गति देने हेतु भाजपा पटरी पर मंडल की बैठक वार्ड नंबर 23 दीपक नगर सार्वजनिक सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मंडल, भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, जिला एवं मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक एवं सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य आमंत्रित किए गए थे। बैठक में लोकसभा चुनाव हेतु प्रदेश द्वारा दी गई बिंदुओं पर चर्चा की गई। मंडल प्रभारी जयसिंह राजपूत ने सभी पदाधिकारीयों को भाजपा की चुनावी रणनीति से अवगत कराया। जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये ने लोकसभा चुनाव हेतु पार्टी के दिशा निर्देशों की पदाधिकारियों को जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मनमोहन शर्मा ने किया। पूर्व पार्षद एवं मंडल उपाध्यक्ष विजय जलकारे ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा शहर में कांग्रेस से मीलो आगे है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अलका बाघमार, नवीन जैन, आशीष द्विवेदी, पार्षद श्रीमती मीना सिंह, पूर्व पार्षद उमेश यादव, भास्कर तिवारी, चंद्रशेखर शास्त्री, गुरप्रीत बल, नरेंद्र ठाकुर, रूपेश्वरी साहू, श्रीमती अनुसूइया साहू, गोलू सोनी, केशव पटेल सहित 15 वार्ड के प्रतिनिधि शामिल हुए।

- पार्टी के दिशा निर्देशों की दी गई जानकारी



## खबर संक्षेप

### सुनीता का समाधि मरण



**भिलाई।** सुनीता जैन धर्म पत्नी नरेंद्र जैन मैत्री नगर रिसाली निवासी का शनिवार को आरिका सौभाग्यवती माता के सानिध्य में क्षुल्लिका दीक्षा लेने के उपरांत समाधि मरण हो गया है। जिनका डोला पदनाभपुर मंदिर से नसिया जी की ओर 2:30 बजे जाएगा। वे मोतीलाल, देवेंद्र जैन सेक्टर 4, जवाहर लाल जैन, मैत्री नगर वालों की छोटी बहन है।

### जिला साहू संघ भिलाई नगर की बैठक आज

**भिलाई ।** जिला साहू संघ भिलाई नगर की बैठक 31 मार्च को सुबह 11 बजे रखी गई है । इसमें सभी तहसील अध्यक्ष अपनी टीम सहित व जिला साहू संघ भिलाई नगर के सभी प्रकोष्ठ के संयोजक अपनी टीम सहित उपस्थित रहेंगे । इसमें होली मिलन, आय व्यय का लेखा-जोखा, प्रदेश साहू संघ से आए पत्र को लेकर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी जिला साहू संघ भिलाई नगर के अध्यक्ष हरिद्वारिका साहू ने दी है।

### जमीनों पर 30% की छूट खत्म करना अत्याचार

**भिलाई।** जमीनों के भाव में गाईड लाईन दरों में दी जा रही 30 प्रतिशत की छूट को समाप्त करना साय सरकार का राज्य की जनता के साथ अन्याय है।जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एंव प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के मिडिया पैनलिस्ट जावेद खान ने कहा कि साय सरकार गरीबों को घर, जमीन खरीदने से रोकना चाह रही। जनता इस अन्याय का बदला लोकसभा चुनाव में लेगी। भाजपा की रमन सरकार के दौरान भाजपाई सत्ताधीशों के दबाव में जमीनों के गाईड लाईन की दरों में हर साल 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ाने की परंपरा बन गयी थी जिसके कारण अनेकों जगह बाजार भाव से दुगुनी गाईड लाईन की दरें हो गई थी। आम आदमी की इसी परेशानी को देखते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने गाईड लाईन की दरों में 30 प्रतिशत की छूट दिया था और पूरे पांच सालों तक कांग्रेस सरकार ने गाईड लाईन की दरों में एक रू. की बढ़ोतरी भी नहीं किया था जिसके कारण आम आदमी गरीब और मध्यम वर्ग को मकान, दुकान, खेत खरीदने में सहूलियत हुई तथा गाईड लाईन की दरें कम होने से आम आदमी को अन्य टैक्सों में भी राहत मिला।

## निधन

### प्रकाश कौर



**भिलाई।** प्रकाश कौर 86 वर्ष धर्मपत्नी स्व. अजीत सिंह निवासी शिक्षक नगर कोहका स्ट्रीट नंबर 6 ईदगाह चौक का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। रणजीत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह, सतविंदर सिंह की माता थीं।

**बैठक :** भखारा राल जैन समाज का 64वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित

# समाज संस्कार की गंगा, जिसके अभाव में व्यक्ति का अस्तित्व बेमानी है: गुलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

दुर्ग, रायपुर, धमतरी जिला के 63 जैन परिवारों से गठित भखारा राल जैन समाज का 64वां वार्षिक अधिवेशन ग्राम भेलवाकुदा में शनिवार को आयोजित हुआ। जिसमें भखारा सेमरा, जी जामगांव , खोरपा, देवरी, भाठागांव, कुरूद, बोरझरा, निपाणी, गातापार, भेलवाकुदा, तर्रा, गोंदी, पचपेड़ी, बटरेल, बेलहारी, रानीतराई, पंदर, नवागांव, जामगांव आर, खोरापा आदि जैन परिवारों के सदस्य शामिल हुए। बैठक में आय-व्यय सहित विविध मुद्दों पर गहन विचार विमर्श हुआ। अधिवेशन में वयोवृद्ध 75 वर्षीय गुलाब चंद रायसोनी और नवयुवक 25 वर्षीय श्रेयांश राय सोनी ने सहित चार पीढ़ी के सदस्यों ने भाग लिया। अध्यक्ष गौरव जैन, कोषाध्यक्ष सुरेश राय सोनी ने समाज के समक्ष सम्पूर्ण जानकारी प्रस्तुत किए।





### भखारा राल जैन समाज संस्कार की गंगोत्री

नवमनोनित अध्यक्ष मनोज नाहर, कोषाध्यक्ष यादमल गोलछा को पदभार ग्रहण किए। विदित हो कि 64 वर्षों से चली आ रही परंपरानुसार प्रति वर्ष नए अध्यक्ष कोषाध्यक्ष चुने जाते है। कोषाध्यक्ष यादमाल गोलछा ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि समाज हमारा संबल है मार्गदर्शक है। 25 वर्षीय श्रेयांस ने कहा कि अदभुत है भखारा राल जैन समाज की रचना जहां चार पीढ़ी के लोग एक साथ बैठकर समाज विकास के लिए मंथन करते है वास्तव में यह संस्कार की गंगोत्री है।

### समाज अच्छे काम वालों का नाम इतिहास में दर्ज

भखारा राल जैन समाज के 64वां वार्षिक अधिवेशन में 75 वर्षीय गुलाब चंद राय सोनी ने कहा कि समाज व्यक्ति के लिए संस्कार की गंगा है। जो इस गंगा को पवित्र भाव के साथ देखते है। सुरक्षा देते है समाज उनका नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करता है। समाज के अभाव में व्यक्ति का अस्तित्व बेमानी है। उन्होंने कहा कि आज समाज कार्यों से लोगों की रुचि हटने लगी है। इसीलिए घर-परिवार में अशांति संस्कार से खिलवाड़ करते हुए दाखिल होने लगा जिसका दुष्परिणाम सर्वहारा भुगत रहे है फिर भी बनावटी मुस्कान के साथ आल इज वेल बोले जा रहे है।

### समाज सेवा परलोक का एटीएम

सीनियर सिटीजन एके गोलछा ने कहा कि 64 साल पहले पूर्वजों ने बीहड़ जैसे इस क्षेत्र में भखारा राल जैन समाज की स्थापना कर हमें संस्कार का अनमोल उपहार दिए जिसे संभालने सहेजने की जवाबदारी बाद की पीढ़ियों के कंधे पर है। उन्होंने कहा कि मन वचन काया को संयमित रखते हुए मधुर वाणी का उपयोग करते हुए इस संगठन को मजबूती देने स्वस्फूर्त समाज के विकास में तन मन धन से यथायोग्य सहयोग। समाज सेवा परलोक का एटीएम तैयार करता है। भरत नहर, मनोज पारख, आशीष कोचर सहित प्रबुद्ध जनों ने विचार विमर्श में सहभागिता अदा किए।

# लोगों के जीवन में भक्ति होना जरूरीः डॉ. तिवारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

मानस सुधा सत्संग समूह के तत्वावधान में दो दिवसीय श्री राम कथा सत्संग सह होली मिलन समारोह दीपशिखा विद्यालय उतई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि दुर्ग जिला मानस संघ के अध्यक्ष मेहत्तर राम वर्मा थे। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित एवं मर्यादा पुरुषोत्तम राम एवं हनुमान की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मानस के प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. रामगोपाल तिवारी मानस रत्न बांदा, उत्तर प्रदेश उपस्थित थे। संत समागम कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रमुख मानस वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि रामचरितमानस एक ऐसा ग्रंथ है जिसका आचरण करने से काम, क्रोध, लोभ, मोह ,अहंकार दूर हो जाते हैं । प्रत्येक व्यक्ति को इसका अध्ययन करना चाहिए । प्रवक्ता डॉ. रामगोपाल तिवारी ने कहा कि यदि हम जीवन में सुख ,समृद्धि, शांति और भगवत कृपा चाहते हैं तो हमारे जीवन में भक्ति जरूरी है। भक्ति को पाने के लिए पहले भक्त अथवा संत तक पहुंचना आवश्यक है । भक्त सद्गुरु के समान होता है। सद्गुरु के बताए हुए रास्ते पर चलने से ही भक्ति को प्राप्त किया जा सकता है। उपस्थित सभी धर्मानुरागी सत्संग प्रेमियों ने भगवत नाम का संकीर्तन करते हुए दो दिन तक लगातार सत्संग लाभ लिए। इस

- दो दिवसीय श्रीराम कथा सत्संग का आयोजन

अवसर पर दीपशिखा विद्यालय के सचिव डीएल सिन्हा ,प्राचार्य केआर सिन्हा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यार्थी, प्रमुख मानस वक्ताओं में चोवा राम साहू, नीलकंठ ठाकुर, पीलाराम शर्मा ,पंडित गजानन अवस्थी, पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा ,संगीता निषाद, डॉ. लोकेश साहू ,चैतराम साहू ,राजेंद्र देशमुख ,मनहरण वर्मा ,रोहित देशमुख, चेतन दुलार देवांगन, राजीव साहू, जे .एल साहू, हेमलाल साहू ,वेदराम साहू, केके सिन्हा, धनुषराम यादव आदि उपस्थित थे।

# चंगोरी में फागुन के रंग कवियों के संग कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण के अंजोरा क्षेत्र स्थित ग्राम चंगोरी में शारदा साहित्य समिति निकुम के तत्वावधान में फागुन के रंग कवियों के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर आयोजित

- काव्य गोष्ठी में अंचल के कवियों ने दी प्रस्तुति




रंगझाझर काव्य गोष्ठी में अंचल के कवि-साहित्यकारों का जमावड़ा रहेगा।

शारदा साहित्य समिति निकुम के कवि-गीतकार प्यारेलाल देशमुख ने बताया कि इस रंगारंग काव्य आयोजन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक व वरिष्ठ कवि-साहित्यकार तथा लोककला धर्मी आत्माराम कोशा अमात्य है। अध्यक्षता डॉ. संतराम देशमुख, "विमल" वरिष्ठ साहित्यकार दीपाक्षर सहित्य समिति दुर्ग करेंगे। विशेष अतिथि डॉ. दादू लाल जोशी "फरहद", वरिष्ठ साहित्यकार एवं समीक्षक सोमनी, जगदीश देशमुख संपादक मानस मंजूषा डौंडीलोहारा, कैलाश श्रीवास्तव वरिष्ठ साहित्यकार एवं अधिवक्ता राज, सरपंच चंगोरी गोमती निषाद, उप सरपंच भेदी बाई कुंवर उप-सरपंच चंगोरी उपस्थित थे। कार्यक्रम का रसमय संचालन उजियार पवार एवं हेमंत देवांगन ने किया। इस अवसर पर शारदा साहित्य समिति के कवि-साहित्यकार चंद्रिका प्रसाद देशमुख, दिनेश्वर चंद्राकर, कैलाश साहू कुंवारा, राजकुमार चौधरी "रौना", हेमंत देवांगन, रेणु देशमुख, गुमान साहू, तुलसी राम देशमुख, डॉ. डोमेंद्र देवदास सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहेंगे।

### राष्ट्रीय छात्रवृति में सुरपा के 7 विद्यार्थियों का चयन



**जामगांव आर।** दुर्ग जिले के पाटन ब्लाक के मिडिल स्कूल सुरपा से इस वर्ष भी परीक्षा में 7 बच्चों ने सफलता प्राप्त किया। जिसमें छात्र भावेंद्र कुमार, लुमेश कुमार, सागर कुमार, गोपीका ठाकुर, हिना बघेल, कुमारी जागृति, टिकेश्वरी शामिल है। परीक्षा भारत सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय शालेय शिक्षा द्वारा आयोजित की जाती है। जिसका क्रियान्वयन राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा किया जाता है। एनएमएमएसई परीक्षा के नोडल शिक्षक मुकेश कुमार साहू ने बताया कि इस छात्रवृत्ति परीक्षा में मानसिक व शैक्षिक योग्यता पर आधारित दो प्रश्न पत्र होते हैं। जो 90-90 नंबर के होते हैं जिसमें क्वालीफाइंग नंबर लाना अनिवार्य होता है। इस परीक्षा में 8वीं में अध्ययरत छात्र-छात्राएं शामिल होते है। जिनके पालकों की आय तीन लाख से कम हो। इस परीक्षा में चयनित छात्र-छात्राओं को प्रतिवर्ष 9वीं से 12वीं तक 1 हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से 12000 रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। परीक्षा में चयनित सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षक एमके साहू, प्रधानपाठक केएल साहू, सुश्री एस. गुप्ता ,ओपी सोनवानी तथा संकुल सुरपा के सीएसी एवं प्राथमिक एवं हाईस्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बधाई दी।

## अंचल के सार समाचार

### कर्मा जयंती में पूर्व सीएम को किया आमंत्रित



**सेलूद।** तहसील साहू संघ पाटन के पदाधिकारियों ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भिलाई-3 स्थित निवास में सौजन्य भेंट कर ग्राम पतोरा में 20 व 21 अप्रैल को आयोजित तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह के प्रथम सत्र में बतौर मुख्यअतिथि शामिल होने आमंत्रित किया। पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समारोह में शामिल होने के लिये अपनी स्वीकृति दी। इस मौके तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू,पूर्व अध्यक्ष अश्वनी साहू,गंगादीन साहू, धनराज साहू,पुरन साहू,रामनारायण साहू,किशन हिरवानी, जनपद सदस्य रूपचंद्र साहू,दिनेश साहू,शशिभूषण साहू,गोपेश साहू,रघुनंदन साहू,बसंत साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### कुम्हारी में मतदाता जागरूकता रैली आयोजित




**कुम्हारी।** मतदाता जागरूकता के लिए शपथ ग्रहण तथा मतदाता जागरूकता रैली स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका कुम्हारी परिसर से विगत दिनों प्रारंभ किया गया। पालिका के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों ने शत-प्रतिशत लोगों को मतदान में भाग लेने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। राजस्व निरीक्षक राकेश साहू ने सभी को शपथ दिलाया। मतदाता जागरूकता रैली नगर के विभिन्न क्षेत्रों से निकाली गई।

### समर प्रशिक्षण शिविर आज से

**उतई।** खेलगांव पुरई की राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी का ग्रीष्म कालीन तैराकी प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन 31 मार्च को दोपहर 5 बजे डीपीएस दुर्ग जुनवानी के प्राचार्य यशपाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पुरई में संपन्न होगा। एकेडमी के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर कोच ओम कुमार ओझा ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में 5 वर्ष से 15 वर्ष की उम्र के 50 बालक-बालिकाओं को प्रवेश देकर एक माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण का समय प्रातः 6 बजे से 9 बजे तक तथा दोपहर 4 बजे से 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसी प्रशिक्षण के दरमियान कुशल तैराक राष्ट्रीय स्तर एवं अन्य स्पर्धाओं के लिए चयनित भी किए जाएंगे। प्रशिक्षण खेलगांव पुरई के डोंगिहा तालाब में होगा। गौरतलब है कि डोंगिहा तालाब वही ख्याति प्राप्त तालाब है। जहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर तथा अपनी तैराकी की कला कौशल का श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ईश्वर ओझा , चंद्रकला ओझा ,ओम कुमार ओझा ,तनुश्री कोसरे ने वर्ल्ड रिकार्ड स्थापित कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया है। इसके अतिरिक्त अनेक तैराक राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए चयनित हुए हैं। स्विमिंग एकेडमी के अध्यक्ष दिवाकर गायकवाड़ व एकेडमी से जुड़े डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर एकेडमी की गतिविधियों से रूबरू होंगे।

//आम सूचना//

इस आम सूचना के जरिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह आम सूचना दिनांक 27/06/2022 को निष्पादित इकरारनामा विलेख के निरस्तीकरण के संबंध में प्रकाशित कराया जा रहा है। मेरे पक्षकार (विक्रेता) मंजीत सिंग आ० स्व. जोगेन्दर सिंग उम्र लगभग 57 वर्ष अन्य -6 निवासी गुरूद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग तह० व जिला दुर्ग (छ.ग.) एवं द्वितीय पक्षकार (क्रेता) दिलीप कुमार साव आ० जद्दु साव उम्र लगभग 43 वर्ष निवासी आजाद चौक रामनगर सुपेला भिलाई तह० व जिला दुर्ग (छ.ग.) के मध्य मौजा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 14/19 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित खसरा क्रमांक 1586/2 रकबा 0.30 हे0 के विक्रय के संबंध में इकरारनामा का निष्पादन दिनांक 27/06/2022 को किया गया था । भावी क्रेता (दिलीप कुमार साव) के द्वारा इकरारनामा के समय दिये गये चेक क्रमांक 092055 राशि 1,00000 रूपये ( अक्षरी एक लाख रूपये) सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा राधिका नगर भिलाई का चेक मेरे पक्षकार को प्रदान किया गया था परन्तु दिनांक 30/03/2024 तक इकरारनामा राशि का भुगतान भावी क्रेता के द्वारा नही किया गया है इस कारण वैचारिक मतभेद के कारण दिनांक 30/03/2024 को पूर्व में उभय पक्षकारो के मध्य निष्पादित इकरारनामा दिनांक 27/06/2022 को समाप्त किया जाता है।

अतः सूचना जाने ।

स्थान :- दुर्ग (छ.ग.)
दिनांक :- 30/03/2024

किशोर कुमार अग्रवाल
दिगम्बर जैन मंदिर के पास दुर्ग
तह.व जिला -दुर्ग (छ.ग.)
मो० 7389402741

आम सूचना
(जन मानस के लिये)

मेरे पक्षकार श्री के. आर. रविन्द्र कुमार आ. स्व. श्री के.जी. रामाकृष्णन, उम्र 53 वर्ष, मकान नं. 1805, लक्ष्मी निवास, आजाद चौक, विश्वास पुलिस पेट्रोल पंप के पास, भिलाई- 3, जिला- दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार आप सभी अनावेदकगणों क्रमशः :- 1. श्री शत्रुहन पटेल आ.स्व. श्री भुलऊराम पटेल संरक्षक- आयोजन समिति, पता- बजरंग साईकिल स्टोर्स, 2. श्रीमती देव कुमारी भलावी- पति श्री नागेन्द्र प्रसाद भलावी, संरक्षक व पार्षद, वार्ड क्रमांक- 14, 3. श्री संजय ठाकुर आ. श्री बिसाहु राम ठाकुर, संरक्षक/पूर्व वार्ड पार्षद, निवास- संजय डेकोरेशन, वसुंधरा नगर (उत्तर) ठाकुर पेट्रोल पंप के सामने, उमदा रोड़, सिरसा गेट चौक के पास, भिलाई- 3 4. श्री नागेन्द्र प्रसाद भलावी आ. स्व. श्री देवी प्रसाद भलावी, 5. श्री विदेशी साहू आ. स्व. श्री दंडपाणी साहू, 6. श्री तेन सिंह यादव आ. स्व. श्री कार्तिक राम यादव, 7. श्री मुरली तिवारी आ. स्व. श्री गुनीराम तिवारी, (तृतीय को छोड़कर) सभी निवासी- विश्वास पुलिस पेट्रोल पंप के पीछे, महिला भवन के पास, आजाद चौक, भिलाई- 3, तह भिलाई- 3, जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन- 490021 को आप लोगों के द्वारा आजाद चौक, भिलाई- 3 सार्वजनिक स्थान पर 11 फरवरी से 19 फरवरी 2024 तक 09 दिवसीय भागवत कथा आयोजन हेतु मेरे पक्षकार के दुकान व मकान, रेलवे स्टेशन जाने वाले आम रास्ते एवं राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 से लगे सर्विस रोड को बाधित करके यह कार्यक्रम सम्पन्न किया गया था। 08 फरवरी को मेरे पक्षकार द्वारा जन असुविधा का हवाला देकर इस आयोजन को दुर्गा पंडाल के समक्ष करवाने का सुझाव भी दिया था, जहां बीते 50 वर्षों से भी अधिक समय से सारे निजी, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक कार्यक्रम होते रहे हैं, परन्तु आपने उन्हें यह कहकर अनसुना कर दिया की यह समिति की जगह है। बीते लगभग एक वर्ष पूर्व 26 दिसंबर 2022 से 3 जनवरी 2023 तक भी आप लोगों ने व उस समय के अन्य लोगों के संरक्षण में ठीक इसी तरह का आयोजन कर मेरे पक्षकार के परिवार, आस-पड़ोस के व्यवसायियों व जनसामान्य को आर्थिक व मानसिक कष्ट दिया था। इससे पूर्व में 2010-15 के अपने जनप्रतिनिधित्व कायर्काल में अनावेदक क्रमांक 03 व तत्कालीन पार्षद श्री संजय ठाकुर ने मेरे पक्षकार के दुकान के सामने मंच बनवाकर व्यवसाय को बाधित कर दिया है, ठीक ऐसा ही एक अन्य मंच मिनी स्टेडियम, भिलाई- 3 पटेल फूल भंडार के दुकान के सामने बनवाने के विरूद्ध माननीय न्यायालय, दुर्ग में प्रकरण दर्ज किया गया था, जो आज भी माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में शंकर पटेल V/s- राज्य शासन, मामला Writ Petition No. 849 of 2013 चल रहा है, जिसमें संजय ठाकुर भी एक प्रतिवादी रहा है। आम जनता को विदित हो कि संजय ठाकुर द्वारा उक्त मंच का निर्माण पूर्वाग्रह, दुर्भावनावश तथा जानबूझकर करवाया गया है। सन 1998 में बने दुर्गा पंडाल में ही बरसों से सारे कार्यक्रम होते रहे हैं और सन 2020-21 में वहां निगम द्वारा शेड का निर्माण भी करवाया गया है, जिसके समक्ष सैकड़ों लोग बैठ सकते हैं। आप सभी ने 09 दिनों तक सारा परिसर घेरकर यह आयोजन किया, सैकड़ों लोगों को परेशान किया, तत्संबंध में आप अनावेदकगणों को उक्त कार्यक्रम के लिए स्थानीय स्तर पर श्रीमान अनुविभागीय दंडाधिकारी, श्रीमान तहसीलदार, पुलिस प्रशासन, नगर निगम से ली गई अनुमति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि उपलब्ध कराने एवं मेरे पक्षकार, जोकि स्थानीय निवासी भी हैं, के भाई के व्यवसाय व उनके परिवारजनों के आवागमन को बाधित करके उन्हें जो आर्थिक एवं मानसिक पीड़ा पहुंचाई उसका स्पष्टीकरण 7 दिवस के अंदर देने 27 फरवरी 2024 को विधिक नोटिस रजिस्टर्ड किया था जिसकी प्राप्ति आप लोगों को 29 फरवरी 2024 को हो चुकी थी। आप में से पक्षकार क्र. 03 एवं उनके परिजनो के द्वारा शासन की भूमि को अतिक्रमित कर कब्जा किया गया है उसके विरूध्द भी मेरा पक्षकार कानूनी कार्यवाही करने जा रहा है। एक माह पर्यन्त तक भी बजाय नोटिस का जवाब देने आप सभी सात अनावेदकगणों ने स्वयं को फंसता जानकर साजिशन लोगों को बरगलाकर मेरे पक्षकार व उनके परिवारजनों को धर्म विरोधी बतलाया, भीड़ इकट्ठा कर दुष्प्रचार किया गया, वार्ड और शहर के लोगों के बीच मेरे पक्षकार व उनके परिवारजनों को बदनाम करने का अभियान चलाया, भ्रम फैलाया गया, झूठी सूचना लिखवाई और लगातार मिथ्या प्रचार कर रहे हैं। मेरे पक्षकार का परिवार सन् 1957 से यहां निवासरत हैं और उन्होंने कभी भी किसी आयोजन का विरोध नहीं किया बल्कि हर हमेशा से सहयोगी रहा है। मेरे पक्षकार के परिवार का विरोध केवल और केवल पिछले दो वर्षों से उनके निवास व्यवसाय, आम रास्ता, सर्विस रोड को बाधित करके आप लोगों के द्वारा जो आयोजन किया गया उसके लिए था। अतः मेरे पक्षकार व उनके परिवारजनों की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का जो कुत्सित प्रयास आप लोगों के द्वारा किया गया उसके लिए आप सभी 07 लोगों एवं अन्य संबंधितों के विरूद्ध पृथक से मानहानि एवं दांडिक मामले में न्यायिक प्रक्रिया के तहत मुकदमा प्रस्तुत करने हेतु मेरा पक्षकार बाध्य है। आप सभी पक्षकारों को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जा रहा है कि मेरे पक्षकार या उनके परिवारजनों को किसी भी तरह का शारीरिक, चल अचल सम्पत्ति या मानसिक रूप से की हानि पहुंचाने का कोई भी प्रयास किया जाता है तो सभी संबंधितों के विरूद्ध आपराधिक मामला भी दायर किया जायेगा तथा उसकी क्षतिपूर्ति आप सभी पक्षकारों से वसूल की जायेगी। आम जनता को सार्वजनिक सूचना की जानकारी हेतु प्रकाशित ।

दिनांक 30.03.2024

अधिवक्ता सचिन गवई
बार रूम No. 02,
जिला न्यायालय, दुर्ग,
जिला- दुर्ग (छ.ग.)
मो. न. -9424160100

जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव 7 अप्रैल को पतोरा में

# सामूहिक आदर्श विवाह सफल बनाने साहू समाज गांव-गांव कर रहे हैं बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

परिक्षेत्रीय साहू समाज झीट के अंतर्गत 18 इकाई जहां अभी तक 8 इकाई में सामूहिक आदर्श विवाह की तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न हो गया। इसी प्रकार शनिवार को ग्राम पाहंदा (अ) में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें भक्त माता कर्मा की आरती उपरांत बैठक प्रारंभ हुआ। मंच संचालन करते हुए युवा संयोजक भूपेंद्र साहू द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। तहसील साहू संघ पाटन के प्रचार सचिव मोहन साहू द्वारा समाज के विभिन्न नियामावली को बताया और आगे समाज के संचालन के लिए परिक्षेत्र अध्यक्ष कल्याण साहू को आमंत्रित किया। साहू ने बताया की किस तरह आज हमारे युवा साथी समाज के रास्ते से भटक रहे है समाज के लिए यह चिंतन का विषय है। एक मां-बाप कितने लाड प्यार से अपने बच्चे को दुलार कर 25 बरस तक सेवा करता है लेकिन वहीं बच्चे बिना सोचे समझे चंद मिनटो मे समाज के रास्ते को लांघकर अन्य समाज के युवक व युवती के साथ विवाह कर लेते है। समाज में युवाओं को जुड़कर रहना चाहिए। समाजिक गतिविधि में सम्मिलित होते रहना चाहिए। ताकि हमारे समाज के युवक युवती का भविष्य उज्जवल हो। 7 अप्रैल को जिला स्तरीय कर्मा



महोत्सव में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए बात रखी गई। सामूहिक आदर्श विवाह इस वर्ष ग्राम पतोरा में आयोजित है। समापन इकाई अध्यक्ष प्रहलाद साहू ने किया।



# एक अप्रैल से नई आबकारी नीति, बढ़ेगी मदिरा की कीमतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ में एक अप्रैल से नई आबकारी नीति लागू हो रही है। इसमें कई अहम बदलाव किए जा रहे हैं। इस बदलाव की वजह से शराब के दाम में बढ़ोतरी होनी है। सूत्रों के मुताबिक पौव्वा से लेकर बोतल तक की कीमतों में 10 रुपये से लेकर 200 रुपये तक की बढ़ोतरी हो सकती है। प्रदेश में वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए आबकारी विभाग को 11,000 करोड़ रुपये के राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया गया है।

अलग खबर

## नए सप्लायरों से होंगे अनुबंध

### अहाता सिस्टम फिर से होगा शुरू

सूत्रों की मानें तो सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने से जुड़े कदाचार के मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए प्रदेश में फिर से अहाता पद्धति शुरू की जाएगी। जिसके लिए टेंडर भी जारी किया जा चुका है। इसके पहले की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शराब दुकानों के आसपास अहाता संचालित किए जा रहे थे लेकिन उसके लिए लाइसेंस जारी नहीं किया गया था। जैसे ही सरकार बदली जिला व निगम प्रशासन ने ऐसे अवैध संचालित अहातों को बंद करने की कार्रवाई की।



### दुर्ग जिले में 53 करोड़ की शराब खपत

प्रदेश के अकेले दुर्ग जिले में 25 विदेशी शराब दुकानें हैं। हर महीने करीब 53 करोड़ रुपए विलायती शराब की खपत होती है। इसी तरह हर महीने बीयर की खपत 8.10 करोड़ रुपए की है। जिसकी वजह से प्रदेश सरकार को राजस्व की प्राप्ति भी अधिक होती है। इन्ही दुकानों में देशी शराब भी साइड में बेची जाती है। सर्वाधिक देशी दुकानें ग्रामीण व श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में है। जिससे सरकार को अच्छी खासी राजस्व मिलती है।

### नए सप्लायरों से हो रहे अनुबंध

विभागीय सूत्रों के अनुसार भाजपा सरकार के पिछले कार्यकाल में लगभग सात साल पहले अहाता के लिए तय की गई दरों से वर्तमान दर पांच गुना अधिक है। इसके साथ ही देसी शराब के सिंडीकेट को खत्म करने की दिशा में कदम उठाते हुए पांच से दस नए सप्लायरों से अनुबंध किया गया है। इससे देसी शराब दुकानों में दो की जगह पांच से दस प्रकार के नए ब्रांड भी मिलेंगे। सामाजिक न्याय व आधिकारिता मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में लगभग 35 प्रतिशत से ज्यादा लोग शराब पीते हैं। राज्य सरकार नई आबकारी नीति से शासन के राजस्व में बढ़ोतरी के प्रयास में है।

## खबर संक्षेप

### चापड़ के साथ युवक गिरफ्तार

भिलाई। राहगीरों को चापड़ लहराते डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रामनगर मुक्तिधाम के पास अपने हाथ में लोहे का चापड़ लेकर धमकाने वाले युवक कैम्प 1 आदित्य यादव उर्फ डम्पी को गिरफ्तार किया है।

### भिलाई नगर अनुभाग में चल रही है कार्रवाई

भिलाई। लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि भिलाई नगर अनुभाग के तहत सुपेला, नेवई, भठ्ठी, भिलाई नगर, वैशाली नगर, स्मृति नगर क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक की धारा 110-21,151-66, 107,116-215, 145-1, आर्म्स एक्ट-4, आबकारी 35, मोटर एक्ट 159 की कार्रवाई की गई है। इसी तरह 80 स्तायी वारंटी में 96 गिरप्तारी की गई है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर स्थायी वारंट तामिल, मादक पदार्थ, प्रतिबंधात्मक, बाउंड ओवर, लघुअधिनियम, थाना क्षेत्र के गुंडे निगरानी बदमाश,चेकिंग, पेट्रोलिंग रात्रि गश्त में तेजी लाने अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। लोकसभा चुनावको लेकर आईजी राम गोपाल गर्ग, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी सुखनंदन सिंह राठौर, सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में भिलाई नगर अनुभाग में लगातार कार्रवाई किया जा रहा है।

### छेड़छाड कर जान से मारने की धमकी , जुर्म दर्ज

भिलाई। छेड़खानी कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 354, 354 बी, 506, पास्को एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। पुलिस ने बताया कि गया नगर निवासी 12 वर्षीय बच्ची ने अपने परिजनों के साथ पहुंचकर शिकायत किया है कि आरोपी उसे रास्ते में छेड़छाड़ करता है और मना करने पर उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन पर भारती हॉस्पिटल और चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल को नोटिस

# पर्यावरण व फायर एनओसी के बिना चल रहे दो अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नर्सिंग होम एक्ट के उल्लंघन मामले में दो अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया है। भारती हॉस्पिटल पोटिया दुर्ग व चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल नेहरूनगर में नोडल अधिकारी की टीम ने दबिश दी। दबिश के दौरान दस्तावेज जांच की गई तो इसका खुलासा हुआ। दोनों ही हॉस्पिटल को नोटिस देकर उन्हे अपना पक्ष रखने का समय दिया गया है।



## इन अस्पतालों में मिली यह खामियां

### भारती हॉस्पिटल पोटिया रोड दुर्ग

नर्सिंग होम एक्ट के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अनिल शुक्ला की टीम ने पोटिया रोड दुर्ग में संचालित भारती हॉस्पिटल में दबिश दी। इस दौरान उन्होने अस्पताल के दस्तावेजों की भी जांच की। जांच में यह पाया गया कि इस हॉस्पिटल को संचालित करने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष 2028 तक लाइसेंस जारी किया गया है। जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन का एनओसी 10-10- 2021 से 9-10-2023 तक थी। इस तरह यह एनओसी का समय ही समाप्त हो गया है। इसी तरह पर्यावरण व एसएमएस प्रमाण पत्र भी 7-5-2019 तक के लिए दी गई थी। यानी इस अवधि से अब तक यह हॉस्पिटल इसके बिना संचालित हो रहा है।

### चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल भिलाई

चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल नेहरू नगर भिलाई में भी नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन पाया गया है। इस हॉस्पिटल को नोटिस थमाया गया है। नोटिस में कहा गया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से यह शिकायत जिला स्वास्थ्य विभाग को मिली थी कि यहां के केजुअलिटी में मादक पदार्थ और उसकी खाली बोतलें बड़ी मात्रा में पाई गई थी। विभाग ने नोटिस में इसे जनस्वास्थ्य के साथ गंभीर लापरवाही और खिलवाड़ माना है। नर्सिंग होम एक्ट 2013 के तहत इसे दंडनीय अपराध मानते हुए हॉस्पिटल प्रबंधन को जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। वहीं इस हॉस्पिटल में फायर एनओसी 3 जनवरी 2024 को ही समाप्त हो गई थी। उसके बाद भी हॉस्पिटल संचालित किया जाता रहा।

### नर्सिंग होम एक्ट के उल्लंघन की हो रही है जांच

जिला स्वास्थ्य विभाग में निजी हॉस्पिटलों ने संचालन के लिए आवेदन लगाए हैं। इन आवेदनों की जांच मौके पर जाकर नर्सिंग होम एक्ट का पालन सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारी डॉ. अनिल शुक्ला व उनकी टीम बनाई गई है। कई हॉस्पिटल ऐसे हैं जिन्होंने आवेदन पेश कर दिया है और एनओसी के दस्तावेज जमा नहीं किए हैं। दस्तावेज जमा करने का वायदा कर बाद में आए ही नहीं। ऐसे हॉस्पिटल गुडफैथ में चल रहे हैं। नोडल अधिकारी बनने के बाद डॉ. शुक्ला ने नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की पहले ही चेतावनी दी थी। लेकिन विधानसभा चुनाव होने की वजह से यह कार्य ढ़ीली पड़ गई थी। प्रदेश में सरकार बदलने के बाद जिले में एक बार फिर से बिना एनओसी के संचालित निजी अस्पतालों व क्लिनिकों पर शिकंजा कसा जा रहा है।

### खंगाले जा रहे हैं दस्तावेज

जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम जिले में संचालित प्राइवेट हॉस्पिटल और क्लीनिकों की गहन तरीके से जांच करने जा रही है। इसलिए कि गर्मी का सीजन शुरू हो गया है और श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में उल्टी-दस्त की शिकायतें आती है। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में पहले निजी क्लीनिकों पर जांच के बाद रोक लगाई गई थी। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से सेटिंग के बाद यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध तरीके से संचालित क्लीनिक बंद हो गए थे। जिसे झोला छाप डॉक्टर की संज्ञा दी गई थी। कैंप, रिसाली, रूआबांधा, मरोदा, छावनी, उतई से लेकर पूरे जिले में यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर शुरू हुआ था।

# बेच दी दूसरे की जमीन पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सौदा के बाद दूसरे को जमीन बेचने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड निवासी पूजा जैसवानी ने शिकायत

- पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है

किया है कि उसके पति राजेंद्र कुमार जैसवानी को आरोपी अजय गुप्ता ने पिंकी अग्रवाल के स्वामत्वि की जमीन बेचने का प्रस्ताव दिया था। आरोपी ने उसके पति को बताया था कि भू-स्वामी ने उसे जमीन का पॉवर ऑफ अटर्नी दिया है। इसके आधार पर वो जमीन की बेच सकता है। जमीन पसंद आने पर जनवरी में अजय गुप्ता को उसके पति राजेंद्र ने जमीन के लिए बयाना दिया। इसके बाद अलग-अलग किस्तों में आरोपी अजय गुप्ता को 6 लाख 68 हजार रुपए का भुगतान किया। पति को जानकारी हुई कि जिस जमीन को बेचने के एवज में अजय गुप्ता ने पूरे रुपए लिए हैं। उसका सौदा किसी और से पहले हो चुका है। परेशान होकर आरोपी से रुपए लौटाने की गुजारिश करते रहे लेकिन आरोपी ने उन्हें झूठे केस में फंसाने तक की धमकी दे डाली। इससे परेशान होकर पीड़िता पुलिस में शिकायत किया।

# कामगारों को नहीं मिल पा रहा आर्थिक लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन छग ने बयान जारी कर बताया कि शनिवार को नगर निगम रिसाली में नियोजित प्लेसमेंट

- नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन की बैठक में निर्णय

सफाई कामगारों की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में वित्त विभाग के आदेश के बावजूद न्यूनतम वेतन के अतिरिक्त श्रमसम्मान राशि के लिए अकुशल, कुशल, अर्द्धकुशल, अति कुशल नियोजित कामगारों को भुगतान के लिए स्थानीय निकाय द्वारा सुनिश्चित नहीं किया जा सका है। जिससे कामगारों को शासन की ओर से मिलने वाली आर्थिक लाभ से वंचित होना पड़ रहा। जिसके कारण कामगारों के सेवा कार्य के प्रति मनोबल प्रभावित हो रही है। नगरीय प्रशासन विभाग एवं श्रम विभागों द्वारा समय-समय पर संबंधित निकायों को दिशा-निर्देश जारी किए गए है, लेकिन उचित कार्रवाई के अभाव में कामगारों को मिलने वाली आर्थिक, सामाजिक, स्वस्थ्य सुरक्षा की सुविधाएं प्राप्त नहीं हो रहा है। कामगार निरन्तर अपनी कर्तव्यों का निर्वहन करते आ रहे है। बैठक के माध्यम यूनियन ने नगरीय प्रशासन विभाग के समकक्ष निम्नांकित मांगों लेकर लगातार नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं पंचायतों में समस्त कामगारों की बैठक आयोजित कर रहे हैं।

# सांसद की फैन ने बनाया विजय रथ, जोरो से कर रही चुनाव प्रचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल जब से प्रत्याशी घोषित हुए हैं। तब से दुर्ग लोकसभा की जनता में भारी उत्साह है। कुछ ऐसे भी लोग हैं, जो कि विजय रथ यात्रा लेकर भ्रमण कर रहे है। लोगों को जागरूक कर रहे और मोदी के कामों का प्रचार भी कर रहे है। ये है जाने माने सेक्टर 2 निवासी प्रीति सरु, जो मोदी और सांसद विजय बघेल की इतनी बड़ी फैन है कि उन्होंने खुद अपनी स्कूटी में विजय रथ बना दिया है। जिसमें मोदी के सांसद में श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ। श्री राम मंदिर की तस्वीर है। और भी दाई ददा सुन दीदी भैय्या देश है नैया मोदी खेवय्या। जैसे कई स्लोगन लिखा है। खुद इस विजय रथ से वे गांव-गांव वार्ड-वार्ड घूमती है और प्रचार-प्रसार करती है। सांसद विजय बघेल के निवास सेक्टर-5 भिलाई में पहुंचे। सांसद विजय बघेल ने कहा कि ये आप सभी की खुशी और तीसरी बार फिर से मोदी की सरकार बनाने निकाली है। प्रीति ने बताया कि विजय रथ में जिसके सामने के हिस्से में स्लोगन लिखा हुआ है मैं भी बोलूं आप भी बोलो हर-हर मोदी घर-घर मोदी, हिन्दू, मुस्लिम, सिख ईसाई देश प्रेम दिखलाओ भाई।

# भिलाई-चरोदा निगम का टैक्स काउंटर तीन दिन खुला रहेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई -चरोदा आयुक्त डीएस राजपुत ने माह मार्च के अंतिम तीन दिनों में निगम कार्यालय में टैक्स जमा करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर अवकाश के दिन भी निगम के कर्मचारियों द्वारा कार्यालय में टैक्स जमा लेगें। निगम राजस्व विभाग की प्रमुख सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरूणिमा दुबे ने बताया कि निगम को साल भर के अंदर प्राप्त होने वाले समस्त करो। जिसमें संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर, भू-भाटक, शिक्षा उपकर शामिल है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष की गणना 1 अप्रैल से प्रारंभ कर 31 मार्च तक की जाती है। ऐसे में मार्च माह में सर्वाधिक टैक्स जमा करने की स्थिति देखी गई है जिस कारण समय सीमा में लक्ष्य अनुरूप राजस्व वसूली करने निगम के कर्मचारियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। 31 मार्च की स्थिति में अपने समस्त करो का भुगतान निगम कोष में जमा करने से किसी भी प्रकार के अधिभार से बचा जा सकता है।

# भिलाई की सैकड़ों महिलाएं भाजपा में हुई शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल के जनहितकारी कामों से प्रभावित होकर सैकड़ों महिलाओं ने शनिवार को भाजपा में प्रवेश हुए। सांसद विजय बघेल के निज निवास सेक्टर 5 भिलाई में भाजपा में शामिल होने आये सेक्टर 6 एवं सेक्टर 10 की सैकड़ों महिलाओं को सांसद ने भाजपा प्रवेश कराया। सब को भाजपा परिवार में मोदी के परिवार में शामिल होने की बधाई दी। इस अवसर पर सभी का मुह मीठा करके सब को बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा पश्चिम मंडल की पुष्पा पटेल, सीमा तिवारी, सविता नहक, पिंकी सिन्हा के नेतृत्व में शनिवार को पश्चिम मंडल से करीब सैकड़ों महिलाओं ने भाजपा प्रवेश किया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि हमारी बहनों के नेतृत्व में पश्चिम मंडल से भाजपा परिवार का सदस्य बनने पहुंची है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आह्वान करते हैं कि मेरा एक सौ चालीस करोड़ का परिवार है और अपने परिवार में शामिल हुए हैं। इस अवसर पर भाजपा पार्षद नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा योगेन्द्र सिंह पुर्व महामंत्री संयोजक भिलाई भागचंद जैन विशाल दीपनायर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

### स्टार्टअप खेल की स्थापना की है विद्यार्थियों के लिए

# रिसर्च कार्य के लिए आयुष व तकनीकी यूनिवर्सिटी के बीच हुआ शैक्षिक अनुबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के मध्य एमओयू किया गया। जिसमें सीएसवीटीयू भिलाई के कुलपति डॉ. एम. के. वर्मा एवं आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.के. पात्रा उपस्थित रहे। इस अनुबंध का उद्देश्य अनुसंधान एवं अकादमिक गतिविधियों के विकास पर दोनों संस्थानों द्वारा सयुंक्त प्रयास करना है। इस एमओयू के तहत फैकल्टी एवं छात्र दोनों संस्थानों में रिसर्च एक्टिविटी हेतु आवागमन कर शैक्षणिक एवं शोध कार्य कर सकते है। इस



अनुबंध का उद्देश्य दोनां संस्थान एक दूसरे के साथ मिलकर शैक्षणिक गुणवत्ता में इम्प्रूवमेंट, नये टेक्नोलॉजी आईडिया फॉर इनोवेशन एवं स्टार्ट-अप सेल की स्थापना कर छात्रों को अध्ययन हेतु प्रोत्साहित करना है। प्रौद्योगिकी केंद्र की स्थापना करना एवं एक दूसरे के लिये इनोवेटिव रिसर्च को बढ़ावा देना भी इसका अहम उद्देश्य है, साथ ही अल्पकालिक शैक्षणिक गतिविधि और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है। दोनों संस्थान संयुक्त रूप से कॉन्फ्रेंस, सेमीनार और कार्यशाला का आयोजन करा सकते है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो संजय अग्रवाल, प्रभारी कुलसचिव डॉ. अंकित अरोरा, आयुष विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश हिशीकर, उपकुलसचिव डॉ. एस.के. चटर्जी एवं सहायक कुलसचिव डॉ. मनीष राठोड़ उपस्थित थे।

स्वामी जी
93406-38884

नौ देवी (शक्तिपीठ) यात्रा
रिजर्वेशन कोच
माता वैष्णो देवी, बगलामुखी, कांगड़ा देवी, चण्डी देवी,
वज्रेश्वरी, चिंतपूर्णी, ज्याला देवी, नैना देवी,
अमृतसर स्वर्ण मंदिर, जलिया वाला बाग, बाघा बार्डर
यात्रा दिनांक
13 मई 2024
17 सितंबर 2024
10 अक्टूबर 2024
22 नवम्बर 2024
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-26,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.), Branch Office : नंद जी बिजनेस सेंटर, 1 फ्लोर, जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024
17 मई से 30 मई 2024, 24 मई से 06 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024, 01 जून से 14 जून 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## लाइव इवेंट

### कार्मिकों के बीच जागरूकता के लिए 'डिमिस्टिफाइंग इंडस्ट्री 4.0'



भिलाई। सेल-बीएसपी के भिलाई प्रबंधन विकास केंद्र में एक दिवसीय विगत दिनों अधिकारियों व कार्मिकों के बीच जागरूकता के लिए "डिमिस्टिफाइंग इंडस्ट्री 4.0" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की श्रृंखला का उद्देश्य, सेल जैसी विनिर्माण इकाई में इंडस्ट्री 4.0 और इसके सम्भावित प्रयोगों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। श्रृंखला की इस दूसरी कार्यशाला में 22 अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा एवं विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक रविशंकर थे। विदित हो कि बीएसपी के कर्मचारियों के बीच इंडस्ट्री 4.0 के प्रमुख घटकों, विनिर्माण उद्योग में इसकी प्रासंगिकता और वर्तमान विनिर्माण प्रक्रियाओं और टेक्नोलजी पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से, बीएमडीसी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम मड्यूल डिजाइन किया गया है।

■ भिलाई स्टील प्लांट में कार्यशाला का आयोजन

अधिकारियों और कार्मिकों की व्यापक संख्या को कवर करने के लिए, बीएमडीसी ने आयोजित इस कार्यक्रम को श्रृंखला के रूप में आयोजित करने की योजना बनाई गई है। इस क्रम में पहला जागरूकता कार्यक्रम 27 फरवरी को बीएमडीसी में आयोजित किया गया था, जिसमें संयंत्र के विभिन्न विभागों के 27 अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया था। इस कार्यशाला के अलग–अलग सत्रें के फेकल्टी डीएक्स टीमों के सदस्य थे। जिन्होंने विभिन्न उपकरणों के माध्यम से कार्यक्रम को रोचक बनाया। फैकल्टी के रूप में संदीप साहू, शुभाशीष नंदी, एसपी राजकुमार, जेपी एस चौहान, नीरजा शर्मा एवं सरोज कुमार इस कार्यक्रम में सम्मिलित थे।

● दृढ़ इच्छा शक्ति से शिक्षिका खेमलता ने दिखाया असंभव कुछ भी नहीं

# 4500 परीक्षार्थियों को पछाड़ कर पूरे प्रदेश में लक्ष्मी रहीं प्रथम

# मचांदूर शाला के 7 विद्यार्थियों को 12वीं तक मिलेगी छात्रवृत्ति



**दृढ़ इच्छा शक्ति, कड़ी मेहनत एवं लगन हो तो कठिन से कठिन परीक्षा में भी सफलता पाई जा सकती है। यह बातें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मचांदूर की शिक्षिका खेमलता गोस्वामी पर फिट बैठती है। वे यहां पिछले 4 सालों से एनएमएमएसई परीक्षा की तैयारी करा रहीं हैं, और दो-दो बार यहां से छत्तीसगढ़ टॉपर दे चुकी हैं।**

### इस तरह होता है परीक्षा का आयोजन

प्रदेश के 146 विकासखण्डों में आयोजित इस परीक्षा में कुल 2246 सीटें हैं जिसमें परीक्षार्थी को 90-90 अंक के दो पेपर दिलाने होते हैं पहला पेपर मानसिक योग्यता तथा दूसरा पेपर शैक्षिक योग्यता पर आधारित होता है। चयनित छात्रों को कक्षा नवमी से 12वीं तक 12000 वार्षिक छात्रवृत्ति प्राप्त होती है।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मचांदूर से लक्ष्मी साहू, पिता थान सिंह साहू ने कुल 131 अंक प्राप्त कर करीब 4500 परीक्षार्थियों को पछाड़ कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान सुनिश्चित किया। साथ ही शाला से कुल 7 बच्चों का इस परीक्षा में चयन हुआ है जिनका प्राप्तांक 90 व 100 से अधिक है। अब इन छात्रों को कक्षा नवमी से 12वीं तक 12000 वार्षिक छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।

इसके पूर्व 2021-22 में छात्र कुणाल कुमार चंद्राकर 125 अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में सेकंड टॉप पर रह चुका है। निसंदेह यह उत्कृष्ट प्रदर्शन शिक्षिका खेमलता गोस्वामी की कड़ी मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने दिन-रात, शिक्षको के अभाव, धन की समस्या, किसी भी समस्या को अपने राह में बाधक नहीं बनने दिया और बच्चों को ऑफलाइन व ऑनलाइन क्लास पिछले 10 सालों के पेपर का सतत अभ्यास, कॉन्सेप्ट आधारित शिक्षण तथा अनवरत काउंसलिंग कर बच्चों को इस परीक्षा के लिए तैयार किया जो कि सराहनीय है।

शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव, जिला नोडल पवन कुमार सिंह, ब्लॉक नोडल पोषण मारकंडे का सतत मार्गदर्शन ग्रुप के माध्यम से प्राप्त होता रहा। पवन कुमार सिंह ने इस परीक्षा संबंधी समस्त पीडीएफ तथा जानकारी उपलब्ध कराई जो बहुत सहायक रहा।

### सभी के सहयोग से आया उत्कृष्ट परिणाम

इसके अलावा शाला की प्रधान पाठिका पूर्णिमा साहू हौसला बढ़ाती रहीं। शिक्षक दुलारी ठाकुर, कविता देवांगन, मिलिंद चंद्र, प्रेमलता साहू ने योजनाबद्ध कार्य में सहयोग दिया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिव कुमार साहू, सरपंच दिलीप कुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि युगल साहू, संकुल प्राचार्य श्री चौधरी, संकुल समन्वयक प्रणव मडरिक सहित समस्त ग्राम वासियों ने शाला की इस शानदार सफलता पर बधाई दी है।

**मचांनदुर की लक्ष्मी साहू राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य परीक्षा में प्रदेश में नंबर वन**





## सिटी इवेंट

### निशुल्क शिविर में बच्चों को दी गई दांतों के देखभाल की जानकारी



भिलाई। पीएमसी हेल्प फाऊंडेशन एवं स्माइल डेंटल क्लिनिक द्वारा निशुल्क दंत परामर्श शिविर का आयोजन ग्राम सुरडुंग में किया गया। इस दौरान बच्चों को जरुरत के सामान भी वितरित किए गए। पीएमसी हेल्थ फाउंडेशन की अध्यक्ष रश्मि भटनागर के नेतृत्व में स्माइल डेंटल क्लीनिक के सहयोग से डॉक्टर सविता कबड़वाल द्वारा आरसी मेमोरियल स्कूल ग्राम सुरडुंग में निशुल्क दंत चिकित्सा एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ ही स्कूल के स्टाफ एवं ग्राम वासियों के दांतों की जांच कर उचित चिकित्सकिय सलाह एवं दवाई का वितरण किया गया। डॉक्टर सविता कब्डवाल द्वारा शरीर में दांतों की उपयोगिता तथा दांत का पूरे शरीर पर प्रभाव, दांतों की सही देखभाल, साफ-सफाई एवं ब्रश करने के सही तरीके के बारे में जानकारी के साथ ही सामान्य लापरवाही से दांतों में होने वाली क्षति एवं रोग, उससे बचने की जानकारी दी गई।

■ पीएमसी हेल्प फाऊंडेशन एवं स्माइल डेंटल क्लिनिक ने किया निशुल्क शिविर का आयोजन

पीएमसी हेल्प फाउंडेशन की तरफ से बच्चों को ब्रश पेस्ट एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं प्रदान की गई। रश्मि भटनागर ने दांतों को नुकसान पहुंचाने वाले खाद्य और पेय सामग्री का उपयोग कम करने और सुरक्षित रूप से करने के बारे में बच्चों को समझाया। निशुल्क शिविर में डॉक्टर सविता कब्डवाल, रश्मि भटनागर, रीना यादव, श्रुति भटनागर, प्रिंसिपल कौशल्या मानकर एवं स्कूल के स्टॉफ तथा ग्राम वासियों का सहयोग रहा।



# धर्मगुरुओं को होली मिलन समारोह में किया गया स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित

**भिलाई।** बीएमएस द्वारा सेक्टर-6 कार्यालय में सर्वपंथ समादर दिवस एवं होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। उनके द्वारा हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख एवं ईसाई समाज के धर्म गुरुओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बघेल ने कहा कि धर्म एवं जाति के लोग आपस में मिलजुल कर समरसता के साथ रहते हैं इसलिए भिलाई मिनी इंडिया कहा जाता है। उन्होंने भिलाई के कर्मवीरों की सराहना करते हुए कहा कि आपके द्वारा बने हुए रेल अपने देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने बीएमएस के महामंत्री चन्ना केशवलू को बधाई देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम भिलाई के सामाजिक सौहार्द्रता में वृद्धि करने वाला है।



### उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थाओं को किया सम्मानित

सर्वधर्म गुरुओं के अलावा पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए स्वच्छ धरा समिति के पदाधिकारी एवं तेलुगू समाज के पदाधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सांसद द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सामाजिक उत्थान में कार्य करने वाली महिला समाज को सांसद एवं भिलाई इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। भिलाई इस्पात मजदूर संघ के महामन्त्री चन्ना केशवलू के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# श्रीराम जन्मोत्सव समिति करेगी ध्वजवाहकों का आज सम्मान

**भिलाई नगर।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई द्वारा इस बार लगातार 39वें वर्ष श्रीरामनवमी का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व समिति द्वारा 31 मार्च, रविवार को विभिन्न प्रखण्डों के अंतर्गत विभिन्न मंदिरों एवं पूजा स्थलों से ध्वज लेकर निकलने ध्वजवाहकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समिति के संरक्षक, पूर्व मंत्री श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहेंगे। वहीं समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी भी कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव समिति जिसकी नींव ही श्रीराम मंदिर आंदोलन के साथ ही रखी गई थी, इसका संकल्प भी पूरा हुआ। समिति द्वारा इस वर्ष भी भव्य रूप से श्रीरामनवमी का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व 31 मार्च को सभी ध्वज प्रमुखों का सम्मान सेक्टर 10 गुण्डिचा मण्डप में किया जा रहा है। साथ ही 1 अप्रैल से शुरू होने वाले एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम अभियान की शुरूआत भी की जाएगी।



**9 अप्रैल से परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर, रिसाली में नवरात्रि पर्व का भव्य आयोजन होगा**

# परमेश्वरी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश होंगे प्रज्जवलित, निमंत्रण देने निकाली जाएगी रैली

**कार्नर न्यूज**

**देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई नगर के द्वारा 9 से 17 अप्रैल तक चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रगति नगर रिसाली स्थित परमेश्वरी मंदिर में नवरात्रि पर्व का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर हमेशा की तरह मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। प्रतिदिन संध्या समय जस गीत, सेवा गीत एवं भक्ति संगीत का आयोजन होगा।**

**भिलाई।** नवरात्रि के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, कवि गोष्ठी, विचार गोष्ठी एवं परिचर्चा आदि विविध कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन की अध्यक्षता में आयोजित पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक में इसका निर्णय लिया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में नवरात्रि पर्व के समस्त कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए सभी को आमंत्रित करने के लिए 7 अप्रैल को परमेश्वरी भवन से नवरात्रि आमंत्रण रैली निकाली जाएगी। रैली में शामिल देवांगन समाज के लोग घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र देकर नागरिकों को नवरात्रि के सभी कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए न्योता देंगे। इस रैली का उद्देश्य देवांगन जनों के साथ ही प्रगति नगर, आशीष नगर, मैत्री नगर आदि के सभी वर्ग के लोगों को नवरात्रि पर्व में शामिल करना और माता परमेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना है।





**परमेश्वरी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे**

**नागरिकों को नवरात्रि का आमंत्रण देने 7 अप्रैल को आमंत्रण रैली निकाली जाएगी**

बैठक में देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र देवांगन, उपाध्यक्ष गण त्रिलोक देवांगन, कल्पना देवांगन, दयाराम देवांगन, सहसचिव गण जनार्दन देवांगन, भगवती देवांगन, मंदिर प्रभारी राजू देवांगन, भवन सह प्रभारी चैनेश्वर देवांगन, सांस्कृतिक प्रभारी रामगोपाल देवांगन, खेल प्रभारी हेम कैलाश देवांगन, उद्यमिता प्रभारी शांतिलाल देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

# बीएसपी श्रमिक को दी गई सेवानिवृत्ति के बाद सम्मान



**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट के रिफ्रैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग (आरईडी) में सेवारत रहे एचएसएलटी ठेका श्रमिक मोतीलाल को 42 साल की सुदीर्घ सेवा के बाद सेवानिवृत्ति पर विशेष समारोह आयोजित कर ससम्मान विदाई दी गई। इस दौरान विभाग की ओर से प्रदीप पिल्लै, राजकुमार वर्मा, डीके चौहान, नरेश गुप्ता, छन्नूलाल ठाकरे, चौबे लाल और हरीश साहू सहित अन्य लोगों ने मोतीलाल की सुदीर्घ सेवा का स्मरण करते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की। विभाग की ओर से मोतीलाल को शॉल-श्रीफल के साथ उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान पर मोतीलाल ने विभागीय कर्मियों का आभार जताया। आयोजन में ठेका श्रमिक हरिश्चंद्र, कुंभ लाल, महेश्वर प्रसाद, मुकेश कुमार, गोपाल, गोविंद ठाकुर, सुकमा बाई, मीना बाई, लीला बाई और सुलोचना बाई उपस्थित थे।

## समाज इवेंट

# इस्लाम में हर इबादत बालिग होने पर फर्ज होती है: सोहेल



**भिलाई।** मरकजी मस्जिद पावर हाउस कैंप-2 में जुमा की नमाज़ के बाद दारुल कजा दुर्ग-भिलाई के काजी मुफ्ती मोहम्मद सोहेल ने जकात पर एक वर्कशॉप ली। माहे रमजान के इस खास मौके पर जकात की अहमियत बताते हुए काजी शहर भिलाई दुर्ग मुफ्ती सोहेल ने बताया कि इस्लाम में हर इबादत बालिग होने पर फर्ज होती है। इस्लाम के पांच खास अरकान में एक जकात भी है लेकिन वो जिसकी हैसियत हो, उसे देनी पड़ेगी यानि जकात माल (रुपया पैसा), खेती की पैदावार, जानवर सब पर अलग-अलग हैं। इस दौर में ज्यादातर रुपए-पैसे पर जकात निकाल कर उसके जरूरतमंद लोगों को दी जाती है। जकात के निसाब पर उन्होंने बताया कि शरीयत में जिसके पास साढ़े सात तोला सोना हो या साढ़े बावन तोला चांदी या इसके बराबर की रकम मौजूद है ओर उस पर एक साल पूरा हो गया हो, उसे उस माल की जकात निकालना वाजिब है। इसके मुस्तहिक लोगों में ऐसे मदारिस जहां तलबा दीनी तालीम हासिल कर रहे हो ,औरत जो बेवा हो और जिसकी कमाई का कोई सहारा नहीं,यतीम जिसके मां ओर बाप ना हो ,मिस्कीन जिसके पास कुछ ना हो, फ़कीर जो एक वक्त का खाना हो या कर्जदार ऐसा जो काम कारोबार कर रहा था उसका कारोबार डूब गया ओर वो कर्जदार हो गया हो शामिल हैं। मुफ्ती सोहेल ने बताया कि सबसे अच्छा तो अपने रिश्तेदारों में ऐसे लोगों को तलाश करो ओर खुद जाकर जकात दो। उन्होंने कहा कि अल्लाह के प्यारे नबी हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बताया कि जकात से माल को पाकीजगी मिलती है। मुफ्ती सोहेल ने कहा कि निसाब पूरा करने वाले को साल भर की जमा पूंजी पर अढ़ाई फीसदी (2.5%) निकाल कर बेवा ग़रीब, फ़कीर, यतीम, मिस्कीन और कर्जदार को देना और दीनी मदारिस जहां तलबा दीनी तालीम हासिल कर रहे हो को देना चाहिए।

### वर्कशॉप में हुए शामिल लोग

मुफ्ती सोहेल ने बताया कि इस्लाम में जकात को अल्लाह ने साहिबे निसाब को फ़र्ज़ किया। इसके अदा नहीं करने वाले को कडी सजा का प्रावधान है। अल्लाह के नबी हज़रत मोहम्मद सल्लाहु अलैहिसल्लम ने बताया कि जिसका खुलासा ये है कि जकात अदा नहीं करने वाले को उसके माल का तौक (आग के अंगारों की लड़ी) पहनाया जाएगा। इस वर्कशॉप में मरकजी मस्जिद के इमाम हाफिज कासिम, सदर मोहम्मद असलम, सेकेट्री मदरसा जामिया अरबिया भिलाई सैय्यद असलम, नायब सदर इमामुद्दीन पटेल, नायब सेकेट्री मोहम्मद अकरम,निजामुद्दीन अंसारी हाफिज सईद,अहमद मोनू, हाफ़िज़ मोनू आजम खां, हाफिज आबिद,एडवोकेट शब्बीर अंसारी, हाफ़िज़ इनाम, अब्दुल हई,हाजी कलीमुद्दीन, सैयद अहफाज,शोएब अहमद कुरैशी, ताहिर, जफर कुरैशी,युसूफ सिद्दीकी,अजहर कुरैशी, उजेर, इकबाल,तमयुजीदुदीन पटेल,मोहम्मद असलम,जमीर भाई,उमर पटेल, अब्दुल्लाह, अशरफ, शाकिर बेग और जाहिद बेग सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## सम्मान

# एनएमएमएसई परीक्षा में मोनिका और पूर्वी का चयन



**भिलाई।** राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य सूची परीक्षा (एनएमएमएसई) में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवरा सिरसा,दुर्ग से मोनिका कुंभकार और पूर्वी कुंभकार का चयन हुआ है। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद इन्हें कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रत्येक माह एक हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। छात्राओं के माता-पिता अपने बच्चों की सफलता पर बहुत खुश हैं। शाला की प्रधान पाठक संध्या सेंगर एवं समस्त शिक्षकों ने बच्चों को सफलता के लिए बधाई दी।

## दुर्ग बना वृंदावनधाम, सैकड़ों भक्त फूलों और रंगों से खेली होली

# गौर पूर्णिमा महामहोत्सव से समाज में एकता और समरसता को मिलती है बढ़ावा

**भिलाई।** गौर पूर्णिमा के अवसर पर इस्कॉन प्रचार केंद्र दुर्ग में अनंत श्याम दास के नेतृत्व में अग्रवाल धर्मशाला शीतला मंदिर के पास बैगापारा दुर्ग एक धार्मिक आयोजन किया। गौर पूर्णिमा महामहोत्सव में भगवान जगन्नाथ, बलदेव व सुभद्रा, गौर निताई भगवान का किया अभिषेक। जगन्नाथ, बलदेव व सुभद्रा महारानी और राधा महासुन्दर गौर निताई भगवान का आगमन हुआ। यह उत्कृष्ट समारोह न केवल धार्मिक महत्व के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक विरासत को भी उजागर करता है। स्वागत में रंग-बिरंगे फूलों की बारिश, ध्वनि और रंगत भरे पटाखों की लारियां, सभी ने कार्यक्रम को विशेष बनाया। भगवान जगन्नाथ के स्थान पर एक उत्कृष्ट मंदिर स्थापित किया गया। जिसमें फूलों से भरी गुबारों का अद्भुत नजारा था। जगन्नाथ का मंगलाचरण किया गया। इसके साथ ही गौर पूर्णिमा और पुष्पोत्सव का शुभारंभ हुआ। यह समारोह भारतीय संस्कृति के प्रति आदर और भक्ति का प्रतीक है। समाज में एकता और समरसता को बढ़ावा देता है। भगवान के विग्रह का आगमन हुआ, जिसने इस पवित्र आयोजन को और भी प्रसन्नता और उत्साह से भर दिया। मंगलाचरण के साथ शुरू किया गया। कार्यक्रम जहां मंगलाचरण करके भगवान का स्वागत किया गया। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ इस्कांन यूथ फोरम के डायरेक्टर तमाल कृष्ण दस का स्वागत किया।



### फूलों की होली खेलकर करते भगवान का स्वागत

दुर्ग में ईश्वर के नाम पर होली का अनोखा मनावा इस्कॉन प्रचार केंद्र द्वारा जिसमें अनंत श्याम दास के निर्देशन में गौर पूर्णिमा महामहोत्सव व पुष्पोत्सव का आयोजन किया गया। प्रभुजी ने बताया कि गौर पूर्णिमा क्यों मनाई जाती है? प्रभुजी ने बताते हुए कहा कि जब कृष्ण चैतन्य महाप्रभु के रूप में इस कलियुग में अवतरित हुए तो पूरा ब्रह्मांड में खुशियों का समागम हो गया था, उनके अवतरण पर आकाश से पुष्पों की वर्षा हो रही थी। पूरी पृथ्वी फूलों से अच्छादित हो गई थी और इस अद्भुत अवसर पर हम फूलों की होली खेलकर भगवान का स्वागत करते हैं।



### नाट्य की प्रस्तुति

चैतन्य महाप्रभु नित्यानंद प्रभु के द्वारा चांद काजी का कैसे उद्धार किया गया। इस विषय पर भक्तों द्वारा नाट्य प्रस्तुति किया गया। जिसमें बताते हैं कि चांद काजी जो कि बंगाल का शासक था। जिसने हरि नाम संकीर्तन को रोकने का प्रयास किया और भक्तों की जमकर कुटाई-पिटाई की। चैतन्य महाप्रभु स्वयं ही उनके सामने जाकर उनको समझाया कि इस कलयुग में सिर्फ हरि नाम ही एकमात्र उपाय है। जिससे लोगों का उद्धार हो सके। चैतन्य महाप्रभु ने चांद काजी को माफ किया। उसके कुकर्मों को माफ कर उसे अपने शरण प्रदान की। उसके पश्चात चैतन्य महाप्रभु ने चांद काजी को हरि नाम संकीर्तन का आंदोलन में भाग कर नृत्य कराया।

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में राधे श्याम प्रभु ,गोपाल अग्रवाल , अरुण वोहरा , विकास प्रभु , ,योगिता , हर्ष देवांगन , संबोध प्रभु ,रेशमा एवं इनकी फैमिली का सम्मान तुलसी महारानी देकर एवं चैतन्य महाप्रभु की शिक्षामृत पुस्तक देखकर सम्मान किया गया। यह पूरी कार्यक्रम अनंतश्याम प्रभु ,संकीर्तन चैतन्य, दास ,भक्त वत्सल दास , दयानिधि दास , यश गुप्ता , कीर्ति ,सतीश ,लाला महेंद्र ,पंकज ,राधेश्याम दास, हर्षल ,रोहित ,कृष्णराधिका देवी दासी ,योगिता ,चंद्रा ,रेशमा ,अनीता साहू माताजी , आदि भक्तो के द्वारा संपन्न हुआ ।

## शिरोमणि पुरस्कार



**भिलाई।** सेल–बीएसपी के शिरोमणि पुरस्कार योजना के तहत उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल के भेषराम और (ओसीटी) सतीश कुमार का कर्म शिरोमणि पुरस्कार के लिए चयन हुआ और उन्हें सम्मानित किया गया। कर्म शिरोमणि पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य अपने कार्यस्थल में नवीनता, बेहतर संसाधनों का उपयोग एवं संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने, सुरक्षा के मानक मापदण्डों के साथ विभाग में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले कर्मठ एवं सृजनशील कार्मिकों को विशेष पहचान प्रदान कर सम्मानित करना है। समारोह में चयनित कार्मिकों को मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र के साथ उनके जीवनसाथी को प्रशंसा पत्र तथा मिठाई का कूपन देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित होने वाले कार्मिक को बधाई देते हुए उनके कार्य के प्रति कर्मठ योगदान की प्रशंसा की। समारोह में महाप्रबंधक शिशिर शुक्ला, महाप्रबंधक संजय कुमार, महाप्रबंधक एसके ओस्वाल, महाप्रबंधक रजत मुखर्जी, महाप्रबंधक डी बेहरा, वरिष्ठ प्रबंधक बिरेन्द्र कुमार, प्रबंधक अक्षय कुमार, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी बहोरंलाल साहू सहित अन्य अधिकारीगण तथा कार्मिक उपस्थित थे। पुरस्कृत कार्मिकों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के पुरस्कार से उनका मनोबल बढ़ा है। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक राहुल थोटे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन शिरीन ने किया।

### एमआरडी विभाग में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन



**भिलाई।** बीएसपी में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान एमआरडी विभाग में मुख्य महाप्रबंधक (एमआरडी) सुशील कुमार के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कचरा मुक्त भारत एवं स्वच्छता ही सेवा को रेखांकित करते हुए, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी साजिद खान द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों ने स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। स्वच्छता कार्यक्रम में, विभाग से महाप्रबंधक आलोक माथुर, महाप्रबंधक दीनामनी नायक, विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं सहायक महाप्रबंधक अवनीश द्विबे, प्रबंधक प्रशांत यादव, कनिष्ठ अधिकारी कुलदीप तोमर, कनिष्ठ अधिकारी डॉ. उपेंद्र शर्मा, चार्ज मेन एवं यूनियन प्रतिनिधि कमलेश राजपूत, अजय शर्मा, विजय वर्मा, मनीष श्रीवास्तव, चौन सिंह साहू, असलम, मुकेश सहित अन्य प्रशिक्षणार्थी एवं ठेका श्रमिक उपस्थित रहे।

## विदाई समारोह का आयोजन

# सेवानिवृत्ति पर 106 कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई




**भिलाई।** सेल-बीएसपी की सेवा से मार्च 2024 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों व कर्मचारियों को विभिन्न स्थानों में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र में मार्च 2024 में कुल 106 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें कुल 8 कार्यपालक, 89 गैर–कार्यपालक शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में खदान बिरादरी के 9 सदस्य भी शामिल हैं।

संयंत्र के कार्मिकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन शनिवार को भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भिलाई इस्पात संयंत्र की मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक एस के सोनी तथा बीएमएस पदाधिकारी आईपी मिश्रा द्वारा कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से मार्च 2024 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को विगत दिनों इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। दासगुप्ता ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ कुल 106 कर्मचारी अपनी लम्बी सेवा के बाद 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए। विदा होने वाले इस्पात बिरादरी को संयंत्र प्रबंधन ने उनके योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

## फिल्म देखने पहुंचे समाज के सभी वर्गों के लोग

# महिला सशक्तिकरण व ब्रह्माकुमारीज संस्था के इतिहास को बताती एनीमेशन फिल्म द लाइट भिलाई में प्रदर्शित

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** ब्रह्माकुमारीज के संस्थापक ब्रह्मा बाबा पर आधारित बहुचर्चित फिल्म द लाइट भिलाई के सूर्या ट्रेजर आइलैंड के पीवीआर में दिखाया गया। जिसकों लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सांसद विजय बघेल, रजनी बघेल, केपीएस ग्रुप चेयरमेन एमएम त्रिपाठी, आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव सिंह, बीएसबीके ग्रुप चेयरमेन मनीष गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार लखन वर्मा, डॉ. रक्षा सिंह, बीके आशा दीदी ने दीप प्रज्वलन कर फिल्म द लाइट का विधिवत उद्घाटन किया।





### ब्रह्माकुमारीज संस्था के इतिहास को बताया एक कहानी के रूप



ब्रह्माकुमारीज़ के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू स्थित गॉडलीवुड स्टूडियो एवं बॉलीवुड के निर्देशक सुजीत सरकार द्वारा कुशल व सृजनात्मक एनीमेशन फिल्म में महिला सशक्तिकरण के साथ जुड़ी ब्रह्माकुमारीज संस्था के इतिहास को एक कहानी के रूप में बताया गया है। जिसमें संस्था के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा के माध्यम से सुप्रीम लाइट परम ज्योति निराकार शिव परमात्मा के द्वारा पूरे मानवता की नैतिक व आध्यात्मिक चारित्रिक उत्थान को दर्शाया गया है। यह फिल्म द लाईट फिल्म फेयर में भी प्रदर्शित की जा चुकी है।

### ये हुए शामिल

इस फिल्म को दखने के लिए आईबीसी 24 तथा प्रेस क्लब की उपाध्यक्ष कोमल धनेसर, कोषाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि संतोष मिश्रा, संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय से आई गॉडलीवुड स्टूडियो, पीस न्यूज़ की बी के कंचन, डॉ ओमेश खुराना शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. सुचित्रा शर्मा दुर्ग साइंस कॉलेज,मुरलीधर अग्रवाल पूर्व स्टेट ट्रांसपोर्ट अथोरटी ,मेम्बर छग गवर्मेंट, अनिल सोनी, अध्यक्ष खुर्सीपार युवा मोर्चा, प्रकाश नायक, निदेशक प्रकाश टुटोरियल, सिंधी समाज ,अग्रवाल समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में हिस्सा लिया दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के हेमराज ने



**रायपुर।** विश्व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन बेलग्रेड, सर्बिया में 30 मार्च शनिवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही भारतीय टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी हेमराज गुर्जर का चयन किया गया।हेमराज गुर्जर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के लेखा (अकाउंट) विभाग में जूनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत है। वर्तमान में हेमराज क्रॉस कंट्री में राष्ट्रीय चैंपियन हैं। रेलवे के मुताबिक विभागीय स्तर पर खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जाता रहा है। इसी का परिणाम है कि इस रेलवे के खिलाड़ियों का चयन देश विदेश में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं में किया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाडी का विश्व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे की टीम की ओर से चयन होने पर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अधिकारियों ने हेमराज गुर्जर को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

### आईटीएफ जूनियर-30 में विजेता रहे महिका और शंकर




**रायपुर।** न्यू इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम जोरा रायपुर में 23 से चल रही आईटीएफ जूनियर-30 प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। विजेताओं को संघ के महासचिव एवम टूर्नामेंट डायरेक्टर गुरुचरण सिंह होरा ने पुरस्कृत किया।अंतिम दिन फ़ायनल मैचेस के परिणामों में गर्ल्स सिंगल्स फाइनल महिका खन्ना ने श्रीनिधि बालाजी को 6-4,2-6,6-3 से हराकर फाइनल में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। बॉयज सिंगल्स फाइनल में शंकर हेसनम ने प्रनील शर्मा को 6-2,6-2 से हराकर फाइनल में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। गर्ल्स डबल्स फाइनल मेघना जी डी एवम शैवी गौरव दलाल ने अलीना फरीद एवम देवांशी गोहिल को 6-4,4-6,10-4 से हराकर फाइनल में विजेता का खिताब हासिल किया। बॉयज डबल्स फाइनल में शंकर हेसनम एवम अश्वजित सेंजम ने प्रद्युम्न सिंह तोमर एवम ओम वर्मा को 2-6,6-2,10-4 से हराया और फाइनल में विजेता रहे। समापन अवसर पर संघ के सह सचिव रुपेंद्र सिंह चौहान एवम सुशील बालानी,आईटीएफ सुपरवाइजर प्रबीन नायक ,अर्जुन कुंमार सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे। टूर्नामेंट डायरेक्टर गुरुचरण सिंह होरा ,रेफरी एवम सुपरवाइजर प्रबीन कुमार नायक ओडिशा थे। आयोजन में पीडब्ल्यूडी एवं खेल विभाग का भी सहयोग रहा।

### राष्ट्रीय पैरालम्पिक व्हीलचेयर फेंसिंग में छत्तीसगढ तृतीय



**रायपुर।** 16वी राष्ट्रीय पैरा व्हीलचेयर फेंसंग तलवार बाजी चैम्पियनशिप तमिलनाडु के कोयम्बटूर में 20 से 24 मार्च के मध्य अयोजित की गई। ईपी, फोइल, सेबर इवेंट मे छत्तिसगढ़, उड़ीसा, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, यूपी, एमपी, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश, वेस्ट बंगाल, आसाम को मिलकर 12 टीमे शामिल हुई।महिला व पुरुष वर्गो के बीच महा मुकाबला हुआ। जिसमे व्हिल चेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के 18 सदस्यीय दलो ने प्रतिनिधित्व करते हुये 23 पदको पर कब्जा कर तीसरे स्थान को प्राप्त करने में कामयाब रहे।ईपी और फाईल इवेंट के महिला वर्ग एकल मे रोहिणी साहू दो रजत पदक प्राप्त, ईपी टीम स्वाति साहू, रोहिणी साहू, सीता साहू, रमफुल मांगेस्कर, को कास्य पदक। फाईल टीम–जीवन्ती, रामफुल, स्वाति, रोहिणी को रजत पदक। सायबर टीम- उतरा नवरंग, रोहिणी रामफुल स्वाति को कास्य पदक जीते।पुरुष वर्ग,सायबर इवेंट–एकल महेंद्र साहू को कास्य पदक,फाइल टिम मे हरिहर राजपुत, हमेन्द्र साहू ,अशीष पटेल, गणेश श्रीवास, को कास्य पदक, सायबर टिम – बिरेन्द्र नवरंग महेंद्र, हरिहर, अशीष को कास्य पदक जीते। स्पर्धा में अंतराष्ट्रीय रेफरी दीपक साहू, महिला कोच किरण साहू, पुरुष कोच सुरज साहू, सहयोगी स्कॉर्ट मे केना मंडल, शिव प्रसाद लोहार, सुभद्रा कुमारी मेहता, प्रिया भोई छत्तीसगढ़ की टीम मैं शामिल रहें।

## चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में मिली बड़ी कामयाबी

# अब एआई टूल बताएगा, कहीं आपमें हृदय रोगों से मौत का खतरा तो नहीं?

हृदय रोग और इसके कारण होने वाली मौतों का जोखिम पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से बढ़ा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय की सेहत पर नकारात्मक असर देखा जा रहा है। इसके अलावा कोरोना महामारी ने इसकी दिक्कतों को और भी बढ़ा दिया है। इसलिए जरूरी है सभी लोगों को हृदय को स्वस्थ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। गौरतलब है कि हृदय रोग दुनियाभर में मृत्यु का प्रमुख कारण भी रहे हैं।

हृदय रोगों के जोखिम को कैसे कम किया जाए, समय पर इसकी पहचान कैसे की जाए इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम लगातार शोध कर रही है। इस दिशा में ब्रिटिश शोधकर्ताओं को बड़ी कामयाबी मिली है। वैज्ञानिकों ने एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उपकरण विकसित किया है, दावा किया जा रहा है कि इसकी मदद से किसी व्यक्ति में वेंट्रीकुलर एरिथमिया (वीए) का आसानी से पता लगाया जा सकता है। वेंट्रीकुलर एरिथमिया, हृदय गति से संबंधित गंभीर समस्या मानी जाती है जो निचले कक्षों (वेंट्रिकल्स) से उत्पन्न होती है। इसका समय पर निदान-उपचार न हो पाए तो इसके जानलेवा दुष्प्रभाव हो सकते हैं।



### एआई टूल से वेंट्रीकुलर एरिथमिया का चल सकेगा पता

वेंट्रीकुलर एरिथमिया में दिल के तेजी से धड़कने और तेजी से रक्तचाप कम-ज्यादा होने जैसी दिक्कतें हो सकती हैं, जिसका अगर तुरंत इलाज न किया जाए तो इसके कारण कई लोगों में चेतना की हानि और अचानक मृत्यु का भी खतरा हो सकता है। इसको रोकने और समय रहते समस्या के निदान और उपचार के लिए वैज्ञानिकों ने **VA-ResNet**-50 नामक **AI** टूल विकसित किया है। इसकी मदद से हृदय गति की समस्या का समय पर निदान करने और अगर कोई दिक्कत है तो उसका उपचार करने में मदद मिल सकती है। वेंट्रीकुलर एरिथमिया की स्थिति हार्ट फेलियर जैसी दिक्कतों का भी कारण बन सकती है।

### अध्ययन में क्या पता चला

यूरोपियन हार्ट जर्नल में इसके प्रकाशित शोधपत्र के अनुसार वैज्ञानिकों ने 270 वयस्कों के ईसीजी की जांच करके उनमें हृदय की स्थितियों के बारे में पता लगाने की कोशिश की। लगभग 159 लोगों ने घातक वेंट्रिकुलर अतालता का अनुभव किया था। एआई टूल का उपयोग हृदय ताल की जांच करने के लिए किया गया था ताकि प्रतिभागियों में ये पता लगाया जा सके कि कहीं इससे भविष्य में गंभीर समस्याओं का खतरा तो नहीं है? वैज्ञानिकों ने कहा ये टूल सटीक तरीके से समस्या के निदान में सहायक हो सकता है। हर पांच में से चार मामलों में, एआई उपकरण ने सही भविष्यवाणी की, इससे ये पता लगाना भी आसान हो सकता है कि किस मरीज में वेंट्रीकुलर एरिथमिया और इसके कारण गंभीर जोखिमों का खतरा हो सकता है?

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

यूनिवर्सिटी में इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी के प्रोफेसर आंद्रे एनजी कहते हैं, महत्वपूर्ण बात यह है कि इस उपकरण से ये जान सकते हैं कि किस व्यक्ति में जोखिम अधिक है। हम न सिर्फ इससे हृदय गति में समस्या के बारे में पता कर सकते हैं साथ ही इससे यह पता करने में भी मदद मिलती है कि किसे इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफाइब्रिलेटर के साथ जीवन रक्षक उपचार की जरूरत हो सकती है। समय रहते इन समस्याओं का निदान और उपचार से हृदय रोगों से मृत्यु के खतरे को कम करने में भी मदद मिल सकती है।



### गंभीर हृदय समस्याओं का चल सकेगा पता

शोधकर्ता कहते हैं, मरीजों के इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम की जांच में एआई का उपयोग करते हुए हम उनमें हृदय रोग की गंभीर समस्याओं के जोखिम को निर्धारित कर सकते हैं। उचित उपचार प्राप्त होने से रोगी का जीवन बचाना आसान हो सकता है। हृदय स्वास्थ्य के संबंध में ये आवश्यक हो जाता है कि समय पर रोगी की स्थिति का निदान और उपचार हो सके। ज्यादातर स्थितियों में अगर समय पर रोगी को उपचार मिल जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है।




# बिना इम्तिहान दिए आपको मिल सकती है सरकारी नौकरी

खेल कोटा के तहत भी बिना परीक्षा के सरकारी नौकरी पाने का मौका मिलता है। साथ ही, यहां कुछ वेबसाइट के बारे में बताया गया है, जहां आपको एक साथ सरकारी नौकरियों के बारे में सारी जानकारी मिल सकती है। सरकारी नौकरी ढूंढना एक मुश्किल काम हो सकता है, लेकिन यह असंभव नहीं है। सरकारी नौकरी ढूंढने के लिए आप कई स्तरों पर परीक्षाएं देते हैं, जैसे कि प्रीलिम्स, मेन्स और इंटरव्यू । इतनी तैयारी के बावजूद भी सरकारी नौकरी के लिए छात्रों को कई अटेम्प्ट देने पड़ते हैं। ये परीक्षाएं छात्रों के लिए काफी कठिन भी साबित होती हैं, पर क्या आप जानते हैं कि बिना एग्जाम दिए भी सरकारी नौकरी हासिल की जा सकती है। यहां कुछ जगहें दी गई हैं, जहां आपको एक साथ सरकारी नौकरियों के बारे में सारी जानकारी मिल सकती है।

### बिना परीक्षा दिए सरकारी नौकरी पाने के लिए ये तरीके अपनाए जा सकते हैं

My Gov Jobs की वेबसाइट सबसे पहले Mygov Jobs सर्च करें और Work at MyGov पर क्लिक करें। यहां भारत सरकार की तरफ से जारी की गई मैनेजर से लेकर सहायक तक के पद की एक सूची मिलेगी। इसकी मदद से आप अपने योग्य वैकेंसी चुन सकते हैं। भारतीय अदालतों में टाइपिस्ट के पदों के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए लिखित परीक्षा नहीं देनी होती, लेकिन टाइपिंग टेस्ट और इंटरव्यू देना होता है।



यूपीएससी में नौकरियों के लिए आवेदन किया जा सकता है। इन भर्तियों के लिए भी किसी तरह की कोई लिखित परीक्षा नहीं होती। जैसे, असिस्टेंट डायरेक्टर, साइंटिस्ट-बी, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर ग्रेड-I, साइंटिस्ट-बी, स्पेशलिस्ट ग्रेड-III,साइंटिस्ट बी, इंजीनियर एंड शिप सर्वेयर कम डिप्टी डायरेक्टर जनरल और स्पेशलिस्ट ग्रेड-III आईटीआई अप्रेंटिस की वैकेंसी में भी बिना लिखित परीक्षा के नौकरी पाने के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसमें ट्रेनी के तौर पर ज्वाइनिंग कराई जाती है।

### नीति आयोग की वेबसाइट

इसके साथ ही नीति आयोग की वेबसाइट पर वैकेंसी की कैटेगरी में आपको ऐसी कई पदें मिल जाएंगी, जिनमें आप अपनी योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकेंगे। नीति आयोग में बिना परीक्षा के सरकारी नौकरी पाने के लिए, उम्मीदवारों को नीति आयोग की वेबसाइट पर जाकर अप्लाई करना होता है। नीति आयोग की जरूरतों के मुताबिक, उम्मीदवारों की प्रोफाइल की प्रारंभिक स्क्रीनिंग और शॉर्टलिस्टिंग के बाद, आगे की चयन प्रक्रिया के लिए कुछ उम्मीदवारों को बुलाया जाता है।



नीति आयोग, नियुक्ति प्रक्रिया के किसी भी स्टेज पर किसी भी उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द करने के लिए स्वतंत्र है। अगर कोई उम्मीदवार अयोग्य पाया जाता है या गलत जानकारी, प्रमाण-पत्र या दस्तावेज पेश करता है या कोई अहम फैक्ट छिपाता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

### BECIL की ऑफिशियल वेबसाइट

BECIL की ऑफिसियल वेबसाइट पर सरकारी विभागों जैसे कि एम्स, मिनिस्ट्री और आईआईएम में अप्लाई करने के लिए वैकेंसी मिल जाएंगी। ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (BECIL) में बिना परीक्षा के सरकारी नौकरी पाने का मौका मिलता है।

# ईस्टर संडे पर क्यों एक दूसरे को गिफ्ट में दिए जाते हैं अंडे



ईस्टर संडे ईसाई धर्म मानने वालों का एक खास त्योहार होता है, जो यीशु मसीह के पुनरुत्थान यानी प्रभु यीशु के पुनर्जन्म का प्रतीक है। यह ईसाई कैलेंडर के अनुसार साल का पहला रविवार होता है जो वसंत के बाद पड़ने वाले पहले पूर्णिमा के बाद आता है। 2024 में ईस्टर संडे 31 मार्च रविवार को होगा। क्या आप जानते हैं कि ईस्टर के त्योहार में अंडे का क्या महत्व होता है? आइए जानते हैं...

### ईस्टर संडे का महत्व

ईसाईयों का मानना है कि यीशु मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने के तीन दिन बाद, वे मृतकों में से जी उठे थे। ईस्टर संडे यीशु मसीह के पुनर्जन्म और मृत्यु पर विजय पाने का जश्न मनाने का दिन है। साथ ही इस दिन ईसाई धर्म में अंडे को नए जीवन का प्रतीक माना जाता है। यही वजह है कि ईस्टर के दिन लोग गिफ्ट के तौर पर अंडे दिया करते हैं और खास तरह से सजाते हैं। अंडे को रंग-बिरंगे रंगों से रंगकर कलाकृतियां की जाती है। ईसाई धर्म के लोग ईस्टर संडे पर एक-दूसरे को अंडे, चॉकलेट, बन्नी, मिठाइयां, फूल, कपड़े जैसे उपहार देते हैं। वहीं, ईस्टर में प्रभु यीशु का पुनर्जन्म इस बात का भी संदेश देता है कि, सत्य कभी मरता नहीं है।


### ईस्टर संडे कैसे मनाया जाता है

ईसाईयों के लिए ईस्टर संडे एक खास धार्मिक त्योहार के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन, वे चर्च जाते हैं, प्रार्थना करते हैं और यीशु मसीह के पुनर्जन्म का जश्न मनाते हैं। ईस्टर संडे, गुड फ्राइडे के तीसरे दिन मनाया जाता है। बाइबल और ईसाई धर्म के मुताबिक, गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। तीन दिन बाद, ईस्टर संडे के दिन ईसा मसीह दोबारा जीवित हो गए थे। ईसाई धर्म के लोग ईस्टर संडे को ईसा मसीह के पुनर्जीवित होने की खुशी में मनाते हैं। इसका जश्न पूरे 40-50 दिनों तक चलता है। ईस्टर संडे पर चर्च और घरों को मोमबत्तियों से सजाया जाता है। कुछ जगहों पर, अंडा रोलिंग नाम की परंपरा भी है। इसमें बच्चे सजे हुए अंडे को पहाड़ी से नीचे लुढ़काते हैं। अंडा रोलिंग, यीशु की कब्र से पत्थर लुढ़कने का प्रतीक माना जाता है।

### ईस्टर संडे के कुछ प्रतीक

अंडे को नए जीवन का प्रतीक माना जाता है, और ईस्टर संडे पर अंडे को रंगीन रंगों से रंगा जाता है। खरगोश को प्रजनन क्षमता का प्रतीक माना जाता है, और यह ईस्टर संडे का एक लोकप्रिय प्रतीक भी है। लिली को पवित्रता का प्रतीक माना जाता है, और यह ईस्टर संडे पर खास तौर पर पसंद की जाने वाली फूल है।

# घर में जरूर रखें सूर्य देव की मूर्ति, मिल सकते हैं अनगिनत फायदे



घर में यदि हर चीज वास्तु के नियमों के अनुसार रखी जाती है तो इसे बहुत शुभ माना जाता है और यह सकारात्मक ऊर्जा का कारण बनती है। ऐसे ही कुछ मूर्तियां और तस्वीरें भी समृद्धि का प्रतीक होती हैं। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान सूर्य, जिन्हें सूर्य देव के नाम से भी जाना जाता है, उन्हें दुनिया के लिए जीवन और ऊर्जा का प्रदाता माना जाता है। सूर्य देव को प्रकाश, गर्मी और जीवन शक्ति के परम स्रोत के रूप में पूजा जाता है। ऐसा माना जाता है कि भगवान सूर्य ब्रह्मांड चक्र को नियंत्रित करते हैं, जो शक्ति, साहस और ज्ञान का प्रतीक माने जाते हैं। यदि हम वास्तु शास्त्र में भगवान सूर्य का प्रतिनिधित्व करने वाली मूर्ति या प्रतिमा की बात करते हैं तो घर में सूर्य देव की तस्वीर या मूर्ति स्थापित करना बहुत शुभ माना जाता है और इससे पूरे घर में ऊर्जा का संचार होता है।

### घर में भगवान सूर्य की मूर्ति रखने का महत्व

घर में सूर्य देव की मूर्ति रखना वास्तु शास्त्र के अनुसार बहुत शुभ माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि घर में भगवान सूर्य की मूर्ति रखने से सकारात्मक ऊर्जा और जीवन शक्ति का संचार होता है। ऐसा माना जाता है कि यह नकारात्मकता, अंधकार और बाधाओं को दूर करने में मदद करती है। यह मूर्ति घर में चमक, स्पष्टता और शुभता लाने में मदद करती है। भगवान सूर्य को हमेशा से अच्छे स्वास्थ्य और जीवन शक्ति से जुड़ा हुआ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि घर में भगवान सूर्य की मूर्ति रखने से शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है और इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

### सूर्य देव की तस्वीर समृद्धि के लिए जरूरी है

भगवान सूर्य को प्रचुरता और समृद्धि का प्रतीक भी माना जाता है। भगवान सूर्य की पूजा करके और घर पर उनकी मूर्ति रखकर, व्यक्ति अपने जीवन में सफलता, धन और समृद्धि के लिए आशीर्वाद पा सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह वित्तीय स्थिरता और भौतिक प्रचुरता को आकर्षित करती है। जिस घर में यह तस्वीर होती है वहां अपने आप ही सकारात्मक ऊर्जा आकर्षित होने लगती है और घर की खुशहाली बनी रहती है। सूर्य देव की तस्वीर से नेतृत्व और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलता है ।

## कार्नर न्यूज

## खेलों में इन दिनों किक बॉक्सिंग के प्रति रुझान बढ़ा है, इसे जानना जरूरी

# किक बॉक्सिंग के प्रति आकर्षण बढ़ रहा युवाओं का, आप भी अपनाइए

*ज्यादातर लोग यही समझते हैं कि, किकबॉक्सिंग मार्शल आर्ट का एक टाइप है, जिसमें पंच या मुक्कों के साथ ही किक का इस्तेमाल भी किया जाता है। लेकिन ये बात पूरी कहानी को नहीं बताती है। किकबॉक्सिंग, मार्शल आर्ट होने के साथ ही फिटनेस, वेट लॉस और फैट बर्निंग के लिए बेस्ट एक्सरसाइज है। यहां तक कि, इसे ओलिंपिक स्पोर्ट्स के तौर पर मान्यता भी मिल चुकी है। आज खेल के प्रति जुनून रखने वाले युवाओं में किक बॉक्सिंग के प्रति रुझान ज्यादा बढ़ा है। ऐसे में इस खेल के बारे में आपको जानना बेहद जरूरी है। किकबॉक्सिंग एक फुल-कॉन्टैक्ट कॉम्बैट स्पोर्ट है। इस खेल में प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी पर बॉक्सिंग की तरह ही पंच बरसाए जाते हैं। इसके साथ ही पैरों से किक भी मारी जाती है। ये फाइट बॉक्सिंग रिंग में होती है। आम तौर पर इस खेल में खिलाड़ी बॉक्सिंग ग्लव्स, माउथ गार्ड, शॉर्ट्स और नंगे पैर ही खेलते हैं।*




### प्राचीन भारत में किकबॉक्सिंग

धनुर्वेद के चैप्टर धनुर्विद्या के अर्न्तगत आने वाली युद्ध कलाओं में इसे शामिल किया जाता है। भारत में इस मार्शल आर्ट को 'मल्ल युद्ध' के अर्न्तगत 'मुष्टियुद्ध' के नाम से जाना जाता था।

### पौराणिक ग्रीक कथाओं में किकबॉक्सिंग

हिंदू धार्मिक ग्रंथों के अलावा, ग्रीक पौराणिक कथाओं में भी किकबॉक्सिंग का जिक्र मिलता है। प्राचीन ग्रीक में किकबॉक्सिंग को पैंक्रेशन कहा जाता था। इस मार्शल आर्ट का जन्मदाता हेराक्लेस और थिसियस को माना जाता है। 648 ईसा पूर्व इसे ओलिंपिक खेलों में भी शामिल कर लिया गया था। ऐसा कहा जाता है कि, थिसियस ने लेबिरिंथ में मिनोटौर को हराने के लिए पैंक्रेशन का इस्तेमाल किया था। जबकि, हेराक्लेस ने नेमियन शेर को काबू में करने के लिए पैंक्रेशन का इस्तेमाल किया था।

### आधुनिक किकबॉक्सिंग की शुरुआत

लंबे और गौरवशाली इतिहास वाली इस मार्शल आर्ट को आधुनिक रूप जापान में सन 1950 में मिला। साल 1950 के दशक में जापान के कुछ फाइटर्स ने बॉक्सिंग के साथ कराटे को मिलाकर कुछ कॉम्पटीशन का आयोजन किया था। जापान में लोकप्रिय होने के बाद, साल 1970 में अमेरिकन स्टाइल किकबॉक्सिंग की शुरुआत हुई। इसे पहचान साल 1974 के सितंबर में मिली, जब प्रोफेशनल कराटे एसोसिएशन ने पहली वर्ल्ड चैंपियनशिप का आयोजन किया। ऐतिहासिक रूप से, किकबॉक्सिंग को विभिन्न पारंपरिक युद्ध कलाओं के संयोजन से बनी हाइब्रिड मार्शल आर्ट माना जा सकता है। ये फाइटिंग स्टाइल 1970 के दशक से तेजी से लोकप्रिय हुई। साल 1990 के दशक के बाद से, किकबॉक्सिंग में ब्राजीलियाई जिउ-जित्सु और गांवों में होने वाली कुश्ती की पारंपरिक टेक्निक का मेल होने लगा। जिसने आधुनिक मिक्स्ड मार्शल आर्ट के विकास में बड़ा और महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### किकबॉक्सिंग की स्टाइल

आधुनिक किकबॉक्सिंग में हर देश के अपने नियम और प्रकार शामिल हैं। किकबॉक्सिंग के आधुनिक प्रकार में शामिल हैं:

जापानी किकबॉक्सिंग
इस युद्ध कला का विकास जापान में हुआ है। जापान में ही इसे इसका आधुनिक नाम 'किकबॉक्सिंग' हासिल हुआ है।

### फुल कॉन्टैक्ट कराटे

फुल कॉन्टैक्ट कराटे की हर स्टाइल में किक मारने की अनुमति होती है। इसी वजह से इसे भी किकबॉक्सिंग में ही शामिल किया जाता है।

### सांडा / चाइनीज किकबॉक्सिंग

फाइटिंग के इस टाइप में वुशू और कुंगफू की कुछ चीजें भी शामिल हैं, जिनमें टेकडाउन और थ्रो शामिल हैं। चाइनीज किकबॉक्सिंग में हाथों और पैरों से स्ट्राइक करना या मारने की अनुमति होती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टाइटैनिक' में हीरोइन की जान बचाने वाला लकड़ी का टुकड़ा हुआ नीलाम



हॉलीवुड के इतिहास के कई सबसे मशहूर प्रॉप्स की पिछले हफ्ते नीलामी की गई, जिनमें द शाइनिंग का ऐक्स, फॉरेस्ट गंप की चॉकलेट का संग्रह और इंडियाना जोन्स का भरोसेमंद व्हिप शामिल हैं। इन खजानों में से सिनेमा का सबसे चर्चित प्रॉप्स पांच करोड़ रुपये यानी 718,750 डॉलर से अधिक में बेचा गया है। यह कुछ और नहीं बल्कि, लकड़ी का तैरता हुआ टुकड़ा था, जिसने 'टाइटैनिक' के 'रोज' को जीवित रखा, लेकिन जैक डॉसन को डूबने से नहीं रोक सका। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह बिक्री प्लैनेट हॉलीवुड रेस्तरां और रिजॉर्ट समूह द्वारा आयोजित प्रोप और कॉस्ट्यूम नीलामी के दौरान हुई थी। नीलामीकर्ताओं हेरिटेज ऑक्शन के अनुसार इस प्रोप यानी लकड़ी के दरवाजे को मलबे के एक पूरे टुकड़े से बनाया गया था, जो 1912 की आपदा से बरामद किया गया था। 'टाइटैनिक' के एक दृश्य में इस्तेमाल किए गए इस लकड़ी के टुकड़े को नीलामी में 718,750 डॉलर यानी 5,99,25,637 रुपये में बेचा गया है। टाइटैनिक की रिलीज के बाद से प्रशंसकों को आश्चर्य हो रहा है कि क्या जैक अपनी प्रेमिका रोज के साथ खुद को भी सुरक्षित रखने के लिए उस लकड़ी के दरवाजे पर फिट नहीं हो सकता था। 'टाइटैनिक' के इस दृश्य में लियोनार्डो डि कैप्रियो द्वारा निभाए गए किरदार 'जैक' को दिखाया गया था, जो खुद बर्फीले पानी में रहता है, लेकिन रोज को बचाने के लिए उसे लकड़ी के उस दरवाजे पर चिपके रहने की सलाह देता है और खुद दम तोड़ देता है। फिल्म का अंत लोगों को भावुक कर देता है।

### टॉलीवुड

## विश्वक की आगामी फिल्म का फर्स्ट लुक हुआ जारी



तेलुगु अभिनेता और निर्देशक विश्वक सेन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज 'गामी' को लेकर चर्चा में है। वहीं, विश्वक आज अपना 29वां जन्मदिन भी मना रहे हैं। अपने जन्मदिन के मौके पर अभिनेता ने फैंस को खास तोहफा दिया है। जन्मदिन के मौके पर विश्वक के अगली फिल्म के टाइटल और फर्स्ट लुक से पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म के फर्स्ट लुक में विश्वक एंग्री यंग मैन अवतार में नजर आ रहे हैं, जिसके बाद से दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। विश्वक के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने अभिनेता के 10वें फिल्म की घोषणा की। विश्वक की आगामी फिल्म का 'मैकेनिक रॉकी' रखा गया है। वहीं फिल्म के फर्स्ट लुक में विश्वक का लुक बेहद धांसू नजर आ रहा है। हाथ में रिंच लिए हुए विश्वक पोस्टर में सिगरेट पीते हुए नजर आ रहे हैं। हल्की दाढ़ी के साथ विश्वक का शरारती अंदाज बेहद शानदार नजर आ रहा है। गौरतलब है कि विश्वक की यह फिल्म एक एक्शन कॉमेडी होगी, जिसमें खूबसूरत अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी उनके अपोजिट नजर आएंगी। फिल्म का निर्माण एसआरटी एंटरटेनमेंट बैनर तले किया जा रहा है, जिसे रवि तेजा मुल्लापुडी निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म का म्यूजिक जेक्स बेजॉय तैयार कर रहे हैं। वहीं, सिनेमैटोग्राफर मनोज कटासानी करेंगे। ॉफिल्म की रिलीज और अन्य जानकारी अभी प्रतीक्षा में है।

### भोजपुरी

## 'ममता की छांव में' झकझोर देगी दर्शकों को, अरविंद का धमाका



भोजपुरी स्टार अरविंद अकेला कल्लू की फिल्में खूब पसंद की जाती हैं। एक बार फिर से एक्टर एक जबरदस्त फिल्म लाने की तैयारी कर रहे हैं। भोजपुरी फिल्म 'ममता की छांव में' की शूटिंग आजमगढ़ में जोर-जोर से चल रही है। इसे दिग्गज डायरेक्टर जल्द लेकर आ रहे हैं।

सुर म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से बन रही भोजपुरी फिल्म 'ममता की छांव में' की शूटिंग इन दिनों जोर शोर से उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जनपद में चल रही है। इस फिल्म में युवा दिलों की धड़कन और सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू लीड रोल में नजर आ रहे हैं, वहीं उनके अपोजिट पूजा गांगुली और आस्था सिंह फीमेल लीड में हैं। इस फिल्म के निर्देशक लालबाबू पंडित हैं, जिन्होंने अब तक कई सुपर डुपर हिट भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को दी है। वह एक ऐसे निर्देशक हैं, जिनके फिल्मों का इंतजार दर्शकों को बेसब्री से होता रहा है। वे अरविंद अकेला कल्लू को लेकर 'राज', 'दूल्हा धीरे-धीरे' जैसी हिट फिल्में भी बना चुके हैं, तो खेसारीलाल यादव के साथ भी 'फरिश्ता' जैसी फिल्मों से भी धूम मचाया है। अब, लाल बाबू पंडित एक बार फिर से नई फिल्म 'ममता की छांव में' लेकर आ रहे हैं, जिसकी कहानी बेहद मार्मिक और दिल को छू लेने वाली होगी। यह खुद लाल बाबू पंडित ने बताया है। इस फिल्म का निर्माण सुमित सिंह कर रहे हैं जो कि सुर म्यूजिक कंपनी के मालिक हैं। लाल बाबू पंडित ने कहा कि 'यह फिल्म एक मां की ममता पर आधारित है जिसमें अरविंद अकेला कल्लू एक खास किरदार निभाते नजर आंएगे। उन्होंने कहा कि हम इस फिल्म का भव्यता से निर्माण कर रहे हैं और आजमगढ़ की धरती पर सभी लोग अपना हंड्रेड परसेंट दे रहे हैं। उम्मीद है कि हम अपनी पिछली फिल्म की तरह ही एक बेहतरीन फिल्म लेकर दर्शकों के बीच में होंगे और दर्शकों से हमें खूब प्यार और आशीर्वाद भी मिलेगा।'

## मेला दुल्हनों का

लाइफ स्टाइल



शादी भले ही निजी और पारिवारिक आयोजन हो लेकिन दुल्हन के तौर पर खुद को प्रेजेंट करना मॉडल्स के लिए एक चुनौती भरा काम होता है। न्यूयार्क फैशन वीक में अगले सप्ताह 2 से 4 अप्रैल तक ब्राइडल शो होने जा रहा है। इसके लिए मॉडल्स तैयारी में जुटी हैं। यहां कई नामचीन डिजाइनर अपने कलेक्शन पेश करेंगे।

## गर्मियों में ऑयली बालों पर करें लगाएं कुछ अलग हट कर

बालों लंबे और घने नजर आएं। इसके लिए अक्सर हम अलग-अलग चीजों का इस्तेमाल करते हैं। कई बार एक्सपर्ट की सलाह पर मौसम के बदलने पर ट्रीटमेंट भी कराते हैं। गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में तेज धूप की वजह से आने वाले पसीने से बालों में हर समय नमी और चिपचिपापन रहेगा, जिसकी वजह से बाल ऑयली नजर आएंगे। ऐसे में जरूरी है कि आप सही चीजों का इस्तेमाल अपने बालों पर करें। इसके लिए आप आर्टिकल से सही जानकारी लेकर बालों को हेल्दी बना सकती हैं।

### लाइट शैंपू का करें इस्तेमाल

अगर आपके बाल गर्मी में ज्यादा ऑयली रहते हैं तो इसके लिए आप हफ्ते में 2 से 3 बार इन्हें वॉश करें। साथ ही जिस शैंपू का इस्तेमाल करें वो लाइट हो। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आप ज्याद फोम का इस्तेमाल करेंगी तो बाल ज्यादा चिपचिपे नजर आएंगे। इसके लिए आप बाजार से इस तरह के शैंपू खरीदकर इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे बाल हेल्दी रहते हैं। साथ ही गर्मी में ऑयली नजर नहीं आते हैं। आप चाहें तो ड्राई शैंपू का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। लेकिन उस समय जब आपको जल्दी में कहीं बाहर जाना पड़े।

### हेयर मास्क का करें इस्तेमाल

अगर आपको लग रहा है कि बाल ज्यादा ऑयली नजर आ रहे हैं तो इसके लिए हफ्ते में 1 बाद दही और शहद या एलोवेरा जेल और मुल्तानी मिट्टी लगाएं। इससे बालों को पोषण भी मिलेगा। साथ ही वो सिल्की और शाइनी नजर आएंगे। आप चाहें तो अंडा भी अपने बालों



में इस्तेमाल कर सकती हैं। ऑयली बालों के लिए अच्छा होता है।

### मेथी दाने का लगाएं पानी

बालों के लिए मेथी दाना काफी अच्छा होता है। अगर आप इसके पानी में करी पत्ते के रस को मिलाकर लगाती हैं तो बाल ऑयली नजर नहीं आते हैं। इसका इस्तेमाल मैं भी अपने बालों में अक्सर करती हूं। साथ ही बाल झड़ने भी बंद हो जाते हैं। इसलिए आपको इसे ट्राई करना चाहिए, ताकि बाल हेल्दी रहें। साथ ही ऑयली भी नजर न आएं। इन चीजों का इस्तेमाल आप नियमित रूप से करेंगी तो आपके बाल हेल्दी रहेंगे। साथ ही गर्मी में ऑयल भी कम दिखाई देगा।

## रिसेप्शन में दिखाना है ग्लैमरस अंदाज तो पहनें इस तरह का गाउन




फैशन



हर लड़की के लिए उसकी शादी का दिन बेहद अहम होता है। इसकी तैयारी वो महीनों-महीनों पहले से करती हैं। शादी के कार्यक्रमों में जिस तरह से हल्दी, मेहंदी और संगीत काफी अहम होता है, उसी तरह से लोगों के लिए रिसेप्शन का कार्यक्रम भी काफी ज्यादा जरूरी होता है।

नई दुल्हन के लिए उसकी ससुराल में पहला कार्यक्रम रिसेप्शन ही होता है। इस कार्यक्रम में हर किसी की नजर दुल्हन पर ही होती है। एक समय था जब हर नई दुल्हन अपने रिसेप्शन के कार्यक्रम में एथनिक आउटफिट पहनती थी, लेकिन अब समय बदल गया है।

### सपना चौधरी का हैवी गाउन



अगर आप हैवी गाउन पहनकर अपना खूबसूरत और ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो सपना चौधरी का हैवी गाउन बेस्ट विकल्प है। ऐसे गाउन आजकल चर्चाओं में भी रहते हैं। ऐसे गाउन के साथ आप क्यूट सी हेयर स्टाइल भी बना सकती हैं।

### मलाइका का ग्लैम लुक

अक्सर अपने ग्लैमरस लुक की वजह से लोगों का दिल जीतने वालीं मलाइका आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। आप उनके इस लुक से टिप्स लेकर अपना रिसेप्शन लुक तैयार कर सकती हैं।

### गौहर खान का डीपनेक लुक

हरे रंग का ये डीपनेक बॉडीकॉन गाउन आपको ग्लैमरस लुक देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इसके साथ अपने बालों को हल्का कर्ल जरूर करें। कर्ली बाल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे। इसके साथ ही डीपनेक होने की वजह से आप गले में कुछ क्लासी सा नेकपीस कैरी कर सकती हैं।

## शादी में लहंगे के साथ वियर करें ये न्यू डिजाइन वाले झुमके

अगर आप लहंगा वियर कर रही हैं तो ये आउटफिट तब तक कम्पलीट नहीं होता जब तक आप इसके साथ मैचिंग ज्वेलरी ने पहन लें। वहीं ज्वेलरी में झुमके भी हैं जो आपके आउटफिट को कम्पलीट करते हैं तो वहीं ये आपके आउटफिट को परफेक्ट बनाने का काम करते हैं। वहीं इन झुमकों की वजह से आप काफी खूबसूरत नजर आती हैं। बाजार में आपको कई तरह के झुमके मिल जाएंगे लेकिन अगर आप अपने लहंगे के साथ कुछ नया ट्राई करने का सोच रही हैं या ये चाहती हैं कि आप आउटफिट के साथ कुछ न्यू डिजाइन वाले झुमके पहने तो आप आर्टिकल की मदद से इन नए डिजाइन के झुमके अपने आउटफिट के साथ मैच करके वियर कर सकती हैं।

### पीकॉक स्टाइल झुमके

इन दिनों ये पीकॉक स्टाइल झुमके काफी ट्रेंड में हैं और इन पीकॉक स्टाइल झुमके (झुमकी डिजाइंस) को आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं। इस झुमके में मोर का डिजाइन बनाया गया है साथ ही इन झुमके में मोतियां लगे हैं। इस तरह के पीकॉक



स्टाइल झुमके आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएंगे जिन्हें आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं और ये आपको आसानी से सस्ते दाम में मिल जाएंगे।

ये झुमके भी लहंगे के साथ वियर किए जा सकते हैं। ये लेयर्ड झुमका सिल्वर कलर में हैं और इस झुमके में दो लेयर में डिजाइन किया है। वहीं इस दो लेयर वाले झुमके में आप मोतियों का काम किया है और इस वजह से ये झूमक काफी खूबसूरत हैं। वहीं इस झुमके को आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं। वहीं इस तरह के झुमके आपको कई सारे ऑप्शन में मिल जायेंगे जिन्हें आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही

## अरसे बाद कर रहे हैं शेविंग, तो अपनाएं ये कुछ जरूरी टिप्स नहीं होगी दाढ़ी में जलन

अगर आप लंबे अरसे से दाढ़ी रखे हुए हैं और अब क्लीन शेव का मूड है तो कुछ जरूरी कदम आपको उठाने चाहिए। यदि आपकी त्वचा की सतह असमान है, तो गंदगी, धूल और डेड कोशिकाओं के जमा होने के कारण शेविंग करना आपके लिए आसान या सहज अनुभव नहीं होगा। आपके चेहरे के खिलाफ रेजर ब्लेड को बार-बार रगड़ने से घर्षण पैदा होगा, जो बाद में चकत्ते और लालिमा का कारण बनता है। इससे बचने के लिए समय-समय पर एक्सफोलिएट करने की आदत डालें। इसमें कॉफी ग्राउंड, ओटमील या ब्राउन शुगर जैसे दानेदार पदार्थ का उपयोग करके अपना चेहरा साफ करना शामिल है। रोम छिद्रों के अंदर फंसे सभी कचरे को हटाने के लिए अपनी त्वचा को उनके पेस्ट से धीरे से स्क्रब करें। शेविंग से ठीक पहले ऐसा करने से आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे। यकीन जानिए, ये बढ़ी हुई बियर्ड को भी शेविंग के लिए मुलायम करने में मदद करेगा।

### ल्यूब्रिकेंट का प्रयोग करें



रूखे चेहरे और बढ़ी हुई दाढ़ी को शेव करना मुसीबत का नुस्खा है। आप सचमुच अपनी त्वचा पर एक तेज ब्लेड मार रहे हैं! दोनों के बीच एक बाधा के रूप में काम करने के लिए नमी की आवश्यकता होती है। यह घर्षण को कम करता है और इस प्रकार, रेजर के स्ट्रोक लगने से चकत्ते के ग्रोथ की संभावना कम हो जाती है। ये ठीक बालों को उनकी जड़ से काटना भी आसान बनाता है और इसलिए, आपको एक नरम और चिकनी फिनिश देता है। इसीलिए, शेविंग की शुरुआत करने से पहले अपने चेहरे को प्री-शेव तेल या फोमिंग क्रीम से मालिश करने की बहुत जरूरत होती है। अगर आप प्री-शेव तेल से मसाज नहीं करना चाहते हैं या आपके पास उपलब्ध नहीं है तो भी इसका उपाय मौजूद है। दाढ़ी या स्ट्बल को पहले गर्म गुनगुने पानी से धोएं। चेहरे को धोने के बाद मोटे तौलिया से थपथपाकर एक्स्ट्रा पानी सुखा लें। पानी के सूख जाने के बाद गुनगुने नारियल तेल और समान मात्रा में एलोवेरा जेल मिलाकर बालों की मसाज करें।

कार्नर न्यूज

## इन उपायों से अपने कपड़ों के कलर और फिटिंग भी रख पाएंगे बरकरार

# गर्मी में कपड़ों का ऐसे रखें ख्याल भूल जाएंगे नई ड्रेस खरीदना

*कपड़े जल्दी फटने या बदरंग होने के पीछे मुख्य कारण है- हमारी लापरवाही। इस वजह से लड़कों के गर्मियों के कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं। अगर आपके कपड़े भी लंबे समय तक नहीं चल रहे हैं तो आपको अपनी कुछ आदतों को बदलना होगा। सर्दी के कपड़ों की तुलना में गर्मी के दिनों में कपड़ों का ख्याल रखना जरूरी है। क्योंकि समर में कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं जबकि सर्दी के कपड़े खराब नहीं होते। इसलिए गर्मी की ड्रेस को धोने से लेकर सुखाने और उनको रखने तक हमें कुछ बातों का ध्यान रखना होता है। हम यहां पर उसके बारे में बात करने वाले हैं। बिना पानी के साफ करें कपड़े क्या हर बार कपड़ों को पानी से धोना जरूरी है?*



### डिटर्जेंट पाउडर के बिना कपड़ों की सफाई

गर्मी के दिनों में पसीने की वजह से हम कपड़ों को अधिक बार धोते हैं। इस वजह से फैब्रिक कमजोर हो जाते हैं। चूंकि पसीने को निकालने के लिए हर बार धोना जरूरी है। मगर डिटर्जेंट पाउडर हर बार उपयोग करना आवश्यक नहीं है। बिना डिटर्जेंट पाउडर के भी कपड़े को साफ पानी से धोया जा सकता है। इसके लिए कपड़े को साफ पानी में भिगोने के बाद उसको निचोड़ दें और महक के लिए लिक्विड का प्रयोग करें। इस तरह आप अपनी ड्रेस को डिटर्जेंट पाउडर से बचा सकते हैं। इससे आपके कपड़े की लाइफ बढ़ेगी।

### सही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर का प्रयोग

डिटर्जेंट पाउडर का इस्तेमाल कितना करना चाहिए? इसकी जानकारी डिटर्जेंट पाउडर के पैकेट पर लिखी होती है। इसके बावजूद भी कई लोग बिना पढ़े ही बाल्टी में डाल देते हैं। एक कपड़े के लिए भी उतना ही और चार कपड़े के लिए भी उतनी ही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर डालेंगे। ऐसे में कपड़े के फैब्रिक और रंग पर असर पड़ता है। इसलिए सही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर का उपयोग करें।

### डिटर्जेंट टिकिया का कम करें उपयोग

डिटर्जेंट पाउडर के बाद डिटर्जेंट टिकिया का इस्तेमाल, यानी दोनों चीजों को एक साथ क्यों इस्तेमाल करना। मगर लोग कपड़े चमकाने के चक्कर में ऐसा करते हैं। बात यहीं खत्म नहीं होती, वे लोग कपड़े पर डिटर्जेंट टिकिया को इतनी जोर से रगड़ते हैं जिससे वे जल्दी फट जाता है। हमें कपड़े धोने के साबुन का प्रयोग अपर वियर ड्रेस के लिए नहीं करना चाहिए। खासकर जींस, कैजुअल पैंट आदि के लिए ये सही होते हैं। मगर उन पर भी हल्के हाथ से डिटर्जेंट टिकिया रगड़ें।

